वैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 304 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

02 मई 2025 शुक्रवार

आज का मौसम

39 अधिकतम

25 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7



## बेमौसम बारिश ने मचाई अफरातफरी, पेड़-मकान गिरे 10 जान गईं

**नई दिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

### आज भी मप्र समेत कई राज्यों में आंधी-पानी-ओले का अलर्ट

आज देशभर में मौसम ने ऐसी करवट ली है कि आम जनजीवन अस्तव्स्त होने लगा है। तेज गर्मी के दौर में मौसम की यह पलटी निदा फाजली के शब्दो में कुछ यू लग रही है-धूप भरी छत पर बरस गया पानी..। आज खासतौर पर दिल्ली-एनसीआर, यूपी और छत्तीसगढ़ में देर रात से आंधी-बारिश और बिजली-पेड़,मकान गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली-यूपी में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है। सुबह भी दिल्ली-एनसीआर से तेज हवाएं और धूल भरी आंधी चलती रही। यहां निचले इलाकों में जलभराव हो गया तो दिल्ली एयरपोर्ट से 100 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हो गई हैं। कई उड़ानों को डायवर्ट भी करना पड़ा। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल के संदकफू में बर्फबारी हुई। जम्मू में भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने राजस्थान के 30 जिलों में आज ?आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले जयपुर, जैसलमेर, भीलवाड़ा और पाली में आंधी के साथ बारिश हुई और कई जगह ओले भी गिरे। भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, ओडिशा, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में ओले गिर सकते हैं। जबकि कई इलाके में बारिश व ओले गिर सकते हैं। राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब, में दिनभर धूल भर आंधी चलेगी। बताया गया है कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) के एक्टिव होने से यह दौर शुरू हुआ है। मप्र में पिछले 6 दिन आधे हिस्से में मौसम बदला हुआ है। कहीं तेज आंधी-बारिश हो रही है तो कहीं ओले भी गिर रहे हैं। भिंड में आज सुबह से तेज हवा के साथ बारिश हुई। मुरैना में भी तेज बारिश हुई। कल भी मप्र में 25 से ज्यादा जिलों में मौसम बदला रहा। आज छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में ओले गिरने के आसर हैं। जबकि कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, जबलपुर, नरसिंहपुर में हवा की रफ्तार 50 से 60 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। वहीं, भोपाल ग्वालियर, नीमच, मंदसौर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, दमोह, सागर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, सीहोर, रायसेन, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में गरज-चमक और हल्की बारिश होने के आसार है।

### पहलगाम हमले के बाद कश्मीर में जबर्दस्त सर्चिंग, कसा जा रहा है आतंकियों पर घेरा

# पहाड़ों में राशन लेकर छिपे गुनहगार पाकिस्तान ने खोली बार्डर, वापसी शुरू



**नई दिल्ली/श्रीनगर एजेंसी।**

पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों के अभी कश्मीर में ही छिपे होने की संभावना है। इंटेलिजेंस सूत्रों का कहना है कि आतंकी अभी भी दक्षिण कश्मीर के जंगलों में छिपे हैं। माना जा रहा है कि उनके पास राशन-पानी है, ऐसे में ये इन पहाड़ी इलाकों में लंबे समय तक भी रह सकते हैं। जांच एजेंसी एनआईए के डीजी अभी श्रीनगर में ही कैंप किये हैं। दूसरी ओर, 70 पाकिस्तानी नागरिक अटारी बॉर्डर पर फंसे हुए लोगों को आज आखिरकार राहत मिल गई क्योंकि पाकिस्तान ने वाघा बार्डर खोल दी है। इससे भारत से पाकिस्तानियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। हालांकि पहलगाम हमले से बढ़ा तनाव अभी कम नहीं हुआ है। दोनों देशों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ कई तरह के फैसले लिए गए हैं। पाकिस्तान के आर्मी चीफ और बिलावल भुट्टो की तरफ से लगातार उकवासे भरे बयान जारी हैं। वहीं पाकिस्तान ने बीती रात एलओसी पर लगातार आठवें दिन सीजफायर तोड़ा। इस बीच, अमेरिका की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने आज कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति ने भी भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही है।

### आईएनएस पहली बार सूरत में तैनात

इधर भारतीय नौसेना के जंगी जहाज आईएनएस को पहली बार सूरत के हजीरा पोर्ट पर तैनात कर दिया गया है। नेवी ने अपने सभी वॉरशिप को अलर्ट पर रखा है। अरब सागर में एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। गुजरात के नजदीक कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है। तमाम तैयारियों और भारत के तेवर देखते हुए भारत से घबराया पाकिस्तान लगातार गिड़गिड़ा रहा है और पलटवार की गीदड़भभकी दे रहा है। इस बीच पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की, हालांकि पाक की खस्ताहाल हालत को देखकर दुनियाभर में उसकी किरकिरी हो रही है।

### अब बिलावल का कबूलनामा - आतंकियों को पालना कोई सीक्रेट नहीं..



■ पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का अमेरिका के लिए डर्टी वर्क करने वाले बयान पर विवाद थमा भी नहीं है कि अब बिलावल भुट्टो ने भी वही राग अलाप कर स्वीकार कर लिया है कि पाकिस्तान का इतिहास आतंक से भरा हुआ है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने अब स्काई न्यूज के साथ इंटरव्यू में कहा है कि जहां तक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान का मामला है तो मुझे नहीं लगता कि यह कोई सीक्रेट है। इससे पाकिस्तान को नुकसान हुआ है. हमने हर बार कट्टरपंथ को झेला है. लेकिन इससे हमें नुकसान हुआ है तो हमने इससे सबक भी लिया है। इस समस्या को सुलझाने में हमने अंदरूनी सुधार भी किए हैं।भुट्टों ने कहा कि जहां तक पाकिस्तान के इतिहास का सवाल है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। इससे पहले रक्षा मंत्री ने स्काई न्यूज को दिए इंटरव्यू में यह स्वीकार किया था कि पाकिस्तान का आतंकवाद को सपोर्ट करने और टेरर फंडिंग करने का लंबा इतिहास रहा है. स्काई न्यूज के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि हम लोग 30 साल से इस गंदे काम को अमेरिका के लिए करते आ रहे हैं।

### पहली बार लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग

**शाहजहांपुर, एजेंसी।** उप्र में आज भारतीय वायुसेना गंगा एक्सप्रेस-वे पर अपना दमखम दिखाएगी।



3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी पर मिराज, राफेल और जगुआर फाइटर प्लेन उतरेंगे। एयर शो में दिन और रात के फेज होंगे। इसमें लो फ्लाई-पास्ट, लैंडिंग और टेक-ऑफ की प्रैक्टिस की जाएगी। सुबह 11 बजे से फाइटर प्लेन एक्सप्रेस-वे पर लैंडिंग और टेक-ऑफ कर रहे हैं। जबकि शाम 7 से 10 बजे तक नाइट लैंडिंग शो होगा। शनिवार को भी दिन में फाइटर प्लेन एयर शो करेंगे।

### ऑटोमेटिक ट्रासशिपमेंट पोर्ट का उद्घघाटन

पीएम नरेंद्र मोदी आज केरल के विझिंगम में देश के पहले सेमी ऑटोमेटिक ट्रांसशिपमेंट पोर्ट का इनॉगरेशन कर रहे हैं। इसके



बाद वे आंध्र प्रदेश के अमरावती में 43 हजार करोड़ रुपए के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स लॉन्च करेंगे। कांग्रेस कार्यसमिति बैठक. उधर कांग्रेस के दिल्ली हेडक्वार्टर में शाम 4 बजे पार्टी की वर्किंग कमेटी की मीटिंग होगी। इसमें जातिगत जनगणना के मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।

### मौसम ठीक रहा तो अब 6 महीने तक दर्शन

## केदारनाथ के कपाट खुले, भीष्म श्रंगार हटाकर नया रूप दिया



**देहरादून, एजेंसी।**

केदारनाथ धाम के कपाट आज खोल दिए गए। कपाट खुलते ही भक्तों ने मंदिर के अंदर जलती अंखड ज्योति के दर्शन किए। इसके बाद रुद्राभिषेक, शिवाष्टक, शिव तांडव स्तोत्र और केदाराष्टक के मंत्रों का जाप किया गया। मंदिर में सबसे पहले कर्नाटक के वीरशैव लिंगायत समुदाय के मुख्य रावल भीमशंकर पहुंचे। इसके बाद बाबा पर 6 महीने पहले चढ़ाया गया भीष्म शृंगार हटाया गया। 2500 लोग इस वक्त धाम में मौजूद हैं। भक्त अब अगले 6 महीने तक दर्शन कर सकेंगे। जून से अगस्त के बीच मौसम ठीक रहा तो इस बार 25 लाख से ज्यादा लोगों के केदारनाथ धाम पहुंचने का अनुमान है। ज्ञात हो कि 30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) से चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुल गए हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खोले जाएंगे।

### ऐसे होता है श्रंगार

■ पट खुलने के बाद बताया जाता है कि पट खुलने के बाद भीष्म शृंगार हटाया जाता है। सबसे पहले शिवलिंग के पास रखे गए मौसमी फल और ड्राई फ्रूट्स का ढेर हटाते हैं। इसे आर्घा कहते हैं। फिर बाबा पर चढ़ी एक से लेकर 12 मुखी रुद्राक्ष की मालाएं निकालते हैं। इसके बाद शिवलिंग पर चारों ओर लपेटा गया सफेद कॉटन का कपड़ा हटाया जाता है। दरअसल जब पट बंद किये जाते हैं तब शिवलिंग पर 6 लीटर पिघले हुए शुद्ध घी का लेपन होता है, जो इस वक्त तक जमा होता है और इसे धीरे-धीरे शिवलिंग से निकालते हैं। इसके बाद शिवलिंग का गंगा स्नान होता है। गोमूत्र, दूध, शहद और पंचामृत स्नान के बाद बाबा केदार को नए फूलों, भस्म लेप और चंदन का तिलक लगाकर तैयार किया जाता है। कपाट बंद करते समय भीष्म शृंगार में करीब 5 घंटे लग जाते हैं, लेकिन कपाट खोलते वक्त आधे घंटे में इसे हटा दिया जाता है।

## विदिशा के पास सड़क हादसे में 4 मौतें, 12 घायल

**भोपाल/विदिशा, दोपहर मेट्रो।** बीती देर रात सिरोंज में बारातियों से भरा पिकअप वाहन बेकाबू होकर पलट गया। इसमें एक महिला समेत चार बारातियों की मौत हो गई। बारात इंदौर लौट रही थी। इसमें 12 लोग घायल हुए हैं। जिनमें 5 की हालत गंभीर हैं। हादसा मदागन घाटी में हुआ। सूचना मिलते ही एसडीओपी




घटनास्थल पर पहुंचे। बारात इंदौर के आउलीखेड़ा गांव लौट रही थी। पिकअप में 16 लोग सवार थे, जिनमें छोटे बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल थे। सभी लोग पत्थर के सिलबट्टे बनाने का काम करते हैं। सीएम मोहन यादव ने हादसे में 4 लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 2-2 लाख एवं गंभीर रूप से घायलों को ?50-50 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के बेहतर इलाज के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं।

## हरियाणा से पानी विवाद पर तीन दिनी बैठक खत्म

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भाखड़ा नहर से पानी के बंटवारे को लेकर हरियाणा और पंजाब सरकार के बीच 3 दिन से सीधी लड़ाई चल रही है। आप सरकार की इसको लेकर चंडीगढ़ स्थित पंजाब भवन बुलाई ऑल पार्टी मीटिंग आज खत्म हो गई है। दोपहर तक इसके



निष्कर्ष सामने आयेंगे। इसमें सभी विपक्षी पार्टियों के अध्यक्ष बुलाए गए थे लेकिन भाजपा को छोड़कर बाकी दलों के मुखिया नहीं पहुंचे। भाजपा से प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के साथ मीटिंग में पहुंचे। सीएम भगवंत मान सभी नेताओं को पंजाब में पानी की स्थिति के बारे में बताया। वहीं इसको लेकर हरियाणा सरकार हाईकोर्ट में भी जाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक एडवोकेट जनरल को ड्राफ्ट बनाने के लिए कहा गया है।

## बड़ा फैसला : ट्रंप ने वॉल्टज को एनएसए पद से हटाया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आज ऐलान किया कि वह माइक वाल्ट्ज को अमेरिका का नया संयुक्त राष्ट्र राजदूत बना रहे हैं। माइक वाल्ट्ज अभी तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। इसके साथ ही ट्रम्प ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद की भी जिम्मेदारी दे दी



है। रिपोर्ट के मुताबिक, माइक वाल्ट्ज जल्दी ही अपनी पोस्ट छोड़ने वाले थे। यह ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद पहला बड़ा बदलाव है। एक सूत्र ने बताया कि इस हफ्ते की शुरुआत में वाल्ट्ज को साफ कह दिया गया था कि अब उनका समय खत्म हो गया है। वाल्ट्ज को उस समय आलोचना का सामना करना पड़ा जब उन्होंने गलती से एक पत्रकार को उस चैट ग्रुप में जोड़ लिया, जिसमें सीक्रेट मिलिट्री प्लानिंग पर चर्चा हो रही थी। यह एक बड़ी राजनीतिक चूक थी और माना जा रहा है कि यह मुद्दा उनके संयुक्त राष्ट्र पद की पुष्टि के दौरान उठ सकता है।

## आखिरी दिन शेयर बाजार झूमा, 4 महीने के टॉप पर

**मुंबई, एजेंसी।** कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन आज यानी शुक्रवार को शेयर बाजार में तेजी है। सेंसेक्स करीब 900 चढ़कर 81,100 के ऊपर कारोबार कर रहा है। ये साढ़े चार महीने का ऊपरी स्तर है। इससे पहले 16 दिसंबर 2024 को सेंसेक्स 81,748 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 200 अंक से ज्यादा की तेजी है, ये



24,550 के स्तर पर है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में तेजी है। अडाणी पोर्ट्स का शेयर 6.22% ऊपर है। वहीं नेस्ले, बजाज फिनसर्व में गिरावट है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 42 में तेजी है। माना जा रहा है कि ग्लोबल मार्केट में पॉजिटिव सेंटिमेंट इसका कारण है। वैश्विक स्तर पर बाजारों में सुधार, खासकर अमेरिकी बाजारों में स्थिरता, ने भारतीय शेयर बाजार को समर्थन दिया है। डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्तावित रीसिप्रोकल टैरिफ के दायरे को सीमित करने और कई सेक्टरों/देशों को छूट देने की खबर ने वैश्विक बाजारों में राहत दी, जिसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा।



## छग में नक्सलियों के खिलाफ अभियान निर्णायक चरण में पहुंचा

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कुर्रेगुट्टा में चलाया जा रहा अभियान निर्णायक चरण में पहुंच गया है। बस्तर में माओवाद के समूल उन्मूलन के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग से आए माओवाद से पीड़ित लोगों को आश्वस्त करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी कीमत पर इस अभियान को पूर्ण करेगी, ताकि बस्तर के विकास को गति मिले। सुकमा, बीजापुर, कांकेर सहित बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों के माओवाद पीड़ितों का एक प्रतिनिधि मंडल भी मुख्यमंत्री से मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माओवाद सिर्फ एक हिंसक आंदोलन नहीं बल्कि सह-अस्तित्व पर आधारित संस्कृति पर खतरा भी है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में सुरक्षाबलों ने कई नक्सलियों को ढेर कर दिया है।

# राजधानी में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025 का शुभारंभ, इधर निशानेबाजी में हुनर दिखाती महिलाएं



**भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरूवार को तात्या टोपे स्टेडियम से खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रदेशव्यापी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री श्री सारंग ने कहा कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर – 2025 मध्यप्रदेश के युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है।



**भोपाल।** खेल मैदान में महिलाओं का शूटिंग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित किया गया दक्षता निर्माण कार्यक्रम

# अंग्रेजों के शासन से पहले के भारत में प्रत्येक गांव स्वशासी था : पद्मश्री डॉ. बजाज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान और आईसीएसएसआर द्वारा युवा सामाजिक विज्ञान संकाय के लिए दो सप्ताह के दक्षता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेंटर फॉर पॉलिसी स्टडी, चेन्नई के निदेशक पद्मश्री डॉ. जतिंदर कुमार बजाज ने अंग्रेजों से पहले की भारतीय नीति और भारतीय परिवेश में समाज वैज्ञानिक शोध विषयों पर युवा प्राध्यापकों को संबोधित किया। मद्रास के दो गांवों उल्लावूर एवं कुण्ड्रत्तूर की केस स्टडी को सामने रखकर डॉ. बजाज ने कहा कि अंग्रेजों के शासन से पहले के भारत में प्रत्येक गांव स्वशासी था। गांव सब प्रकार की व्यवस्थाएं और सेवाएं थीं। प्रत्येकगांव समृद्ध था। उन्होने कहा कि एक लंबी औपनिवेशिक दासता के कारण हमें अपनी वर्तमान चुनौतियों के समाधान में भारतीय साहित्य पर विश्वास नहीं हो पाता है। हमारे साहित्य में वर्तमान की चुनौतियों के समाधान के सूत्र भी मिलते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों से पहले का भारत कैसा था, यह जानना है तो उसका एक प्रमुख स्त्रोतहमारा सभ्यागत साहित्य है। दूसरा स्त्रोत धर्मपालजी का साहित्य।



### 2000 ग्रामों के एक बहुतविस्तृत सर्वेक्षण का गहन अध्ययन

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एनआईटीटीटीआर के निदेशक डॉ. चन्द्र चारु त्रिपाठी, दक्षतानिर्माण कार्यक्रम की संयोजक प्रो. अल्पना त्रिवेदी और दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोधसंस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्रा भी उपस्थित रहे। बता दें कि डॉ. बजाज ने 1767-1774 के मध्य अंग्रजों द्वारा किए गए मद्रास के आसपास के लगभग 2000 ग्रामों के एक बहुतविस्तृत सर्वेक्षण का गहन अध्ययन किया है। इस सर्वेक्षण में अंग्रेजों ने यह जानने का प्रयत्न किया कि जिन भारतीयों पर हम शासन करने जा रहे हैं, उनकी व्यवस्था कैसे संचालित होती हैं।

### भारत की व्यवस्था धर्म (कर्तव्य) आधारित है?

डॉ. बजाज ने बताया कि अंग्रेज लिख रहे थे कि भारत की व्यवस्था धर्म (कर्तव्य) आधारित है,जो न्याय और समता के आधार पर संचालित होती है। अंग्रेजों ने माना कि प्रत्येक गांव अपने आप में स्वतंत्र इकाई है। प्रत्येक गांव का इतिहास है। इस संदर्भ में बड़ी संख्या में यहां से शिलालेख मिलते हैं। ये गांव समृद्ध भी हैं। ये सभी गांव स्वशासी हैं। विभिन्न व्यवस्थाओं को चलाने के लिए उत्पादन में से एक निश्चित अंश दिया जाता था। अंग्रेज कलेक्टर यह देखकर हैरान रह गया कि यह काम ता राज्य के हिस्से में हैं, इन्हें लोग क्यों कर रहे हैं।

### स्थानीय स्तर पर जो इतिहास है, उसको जोड़ने, संकलन करने काम करें शोधार्थी

डॉ. बजाज ने कहा कि हमने अपने इतिहास को समग्रता से देखा नहीं, जो लिख दिया गया, उसे ही हमने मान लिया। माइक्रो-स्टडी कर इतिहास लिखने की आवश्यकता है। पश्चिम में एक-एक गांव का इतिहास लिखा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां स्थानीय स्तर पर जो इतिहास है, उसको जोड़ने, संकलन करने और लिखने का काम शोधार्थियों को करना चाहिए। उन्होंने यहभी कहा कि धर्म के आधार पर जब भारत का विभाजन हुआ तो हिंदुओं को अपना सब कुछ पाकिस्तान में छोड़कर आना पड़ा। इस विस्थापित समाज ने भारत में शून्य से अपनी यात्रा प्रारंभ की। उनके विकास की कहानी भारत के निर्माण की कहानियां हैं। लेकिन हमने इस दिशा में पर्याप्त शोध नहीं किया है।

### शाम पांच बजे एकत्र होगें प्रदर्शकारी

# राजधानी के 26 चौराहों पर लव जिहाद के खिलाफ प्रदर्शन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में आज शाम करीब पांच बजे लव जिहाद के खिलाफ सकल हिंदू समाज द्वारा व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन शहर के 26 प्रमुख चौराहों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में सनातन धर्मावलंबियों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। प्रदर्शन का उद्देश्य लव जिहाद के बढ़ते मामलों के खिलाफ समाज को एकजुट करना और सरकार से इस पर कड़ा कानून बनाने की मांग करना है। आयोजकों के अनुसार, यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन समाज की भावनाओं को मजबूती से सामने रखेगा।

### शहर के इन जगहों पर एक साथ होगा प्रदर्शन

यह प्रदर्शन गांधीनगर, करोंद चौराहा, डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी, नादरा बस स्टैंड, बाजपेई नगर, अशोका गार्डन, सोमवारिया माता मंदिर (कर्फ्यू वाली माता), लालघाटी, बैरागढ़, लिली टॉकीज, रोशनपुरा, बोर्ड ऑफिस चौराहा, 10 नंबर, कोलार, पिपलानी, अयोध्या नगर, आनंद नगर, भारत माता चौराहा, नेहरू नगर, मनीषा मार्केट, मिसरोद, और माल, बागसेवनिया और अवधपुरी में प्रस्तावित है।

## ढाबे की खिचड़ी में आई मक्खी, अब उपभोक्ता को देना होगा 15 हजार रूपए हर्जाना

**भोपाल।** खिचड़ी में मक्खी निकलने के एक मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए राजधानी के होशंगाबाद रोड़ स्थित वृंदावन ढाबा को 15 हजार 130 रूपए हर्जाना देने के आदेश दिए है। यह फैसला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य डॉ. प्रतिभा पांडेय की बेंच ने सुनाया है। मामले में अपने फैसले में उपभोक्ता आयोग ने कहा कि खाने में मरी हुई मक्खी मिलना होटल की लापरवाही है। वहीं, स्विगी सिर्फ खाना पहुंचाने का एक माध्यम है, इसलिए उसकी जवाबदारी नहीं बनती। दरअसल, उपभोक्ता अभिषेक दीक्षित ने 25 मई 2024 को रात करीब 10:35 बजे स्विगी से बटर खिचड़ी और लस्सी का ऑर्डर दिया था। डिब्बे में जो खिचड़ी डिलीवर की गई, उसमें मरी हुई मक्खी थी। उपभोक्ता ने फौरन स्विगी और वृंदावन ढाबा को सूचना दी, लेकिन किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली। जिसके बाद मामला उपभोक्ता आयोग तक पहुंच गया।

# अमर कथा महोत्सव : साईं मनीष लाल संतनगर आए, स्टेशन पर हुआ स्वागत

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

भरूच धाम के ठाकुर साईं मनीष लाल साहब, अमर कथा महोत्सव के लिए गुरूवार सुबह सोमनाथ एक्सप्रेस से संतनगर पहुंचे, उनके अनुयायियों ने स्टेशन पर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम संयोजक घनश्याम पंजवानी और संतनगर पूज्य सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष भरत आसवानी ने बताया कि भगवान झूलेलाल जी के गादीनशीन सूर्यवंशी 1008 परम पूज्य ठाकुर साईं आसनलाल साहब जी के 114वें जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में, 3 मई से 6 मई तक संत नगर में वरुण अवतार भगवान झूलेलाल जी के ग्रंथ श्री अमर कथा के पाठ का आयोजन किया जाएगा। अमर कथा का पाठ प्रतिदिन शाम 5: 00 बजे से 8: 00 बजे तक ठाकुर आसनलाल धर्मशाला, बी वार्ड, पुराना संत हिरदाराम नगर में किया जाएगा। कथा का समापन 6 मई को पूज्य बहिराणां साहिब और भंडारे के आयोजन के साथ होगा। यह सभी कार्यक्रम ठाकुर साईं मनीषलाल साहब जी (साईं भरूच वाला) के सानिध्य में होंगे। साईंजी के संतनगर पहुंचने पर उनका स्वागत किया। स्वागत करने वालों में एडवोकेट घनश्याम पंजवानी, सुनील खूबचंदानी, पुरुषोत्तम खूबचंदानी, कन्हैयालाल गुरनानी, चंद्र भोजवानी, दिलीप ठाकवानी, किशनचंद टहलानी, पूज्य सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष भरत आसवानी और कई अन्य भक्त शामिल थे।



## चन्द्र दर्शन: झूलेलाल मंदिर में झूलेलालजी की पूजा अर्चना

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

झूलेलाल मंदिर एच-वार्ड चन्द्रदर्शन पर भगवान झूलेलालजी की अखो एवं आरती का आयोजन किया गया, मोतीराम झूलेलाल पार्टी ने भजनों की प्रस्तुति दी। पल्लव, आरती एवं भण्डारे का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक चला। कार्यक्रम समाप्ति पर राज मनवानी ने मोतीराम झूलेलाल पार्टी के रमेश कुमार का शाल पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, महेश खटवानी, राज मनवानी, नरेश पेसवानी, ओमप्रकाश रीझवानी, परषोत्तम हरचंदानी, मुरलीधर हरचंदानी तथा दिनेश वाधवानी मौजूद रहे और झूलेलालजी की अखो एवं आरती में शामिल हुए।

### अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान, मारण की घोषणा

# संतनगर के मुख्य चौराहे पर श्रमिकों के लिए शेड बनेगा, गर्मी से मिलेगी राहत

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मजदूरों का सम्मान किया। पार्षद व कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण ने मुख्य चौराहे पर शेड बनाने का वादा किया।

मारण ने कहा कि वे मजदूरों की समस्याओं को हल करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा हूं। जानता हूं, मजदूरों को शेड की कमी के कारण बारिश, गर्मी और सर्दी में लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मारण ने जल्द ही संबंधित अधिकारियों को शेड निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपेने की बात कही। मजदूर यूनियन के अध्यक्ष जगदीश सांवले ने कहा कि वे पिछ्ले कई वर्षों से शेड और बैठने की जगह की मांग कर रहे हैं, लेकिन मांग पूरी नहीं हो सकी है। प्रदेश कांग्रेस नेता दिनेश मेघानी और अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष जीतू बलवा ने कहा कि कांग्रेस शासन में मजदूरों के लिए मनरेगा और हर मजदूर को प्रतिदिन काम देने जैसी योजनाएं चलाई गई थीं, लेकिन भाजपा ने इन सभी योजनाओं को बंद करके मजदूरों के साथ अन्याय किया है। कार्यक्रम का संचालन महेश गुरबानी ने किया और उपाध्यक्ष घनश्याम लालवानी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चम्पालाल यादव, मनीष सुर्या, लक्ष्मीनारायण अहिवार, जगदीश यादव, इमरतलाल मिस्त्री, गजराज गौर, पप्पू शर्मा, अर्जुन चौधरी सहित बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।



# अक्षय तृतीया पर मटके, तरबूज का वितरण श्री गुरूकृपा सेवा समिति ने किया सेवा कार्य



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

श्री गुरुकृपा सेवा समिति ने अक्षय तृतीया पर 40 जरुरतमंद परिवार की महिलाओं को सुख झील दरबार में मटके एवं तरबूज वितरित किए। समिति के अध्यक्ष महेश गुरबानी ने कहा कि अक्षय तृतीया पर किसी भी प्रकार का दान का बहुत बड़ा महत्व है विशेष कर इस दिन मटके वितरित करना और अधिक फलदायक है क्योंकि मटका कलश का प्रतीक होता है और इसमें जो जल भरकर पिया जाता उसे जाने अनजाने में किए हुए पाप और दुख समाप्त होते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल विधानी ने कहा कि दान करने से दुखों का नाश होता है। समिति के सेवा कार्य सराहनीय हैं। भावना उदासी ने कहा सेवा कार्यों से मन में सुकून और शांति मिलती है। इस अवसर पर समिति के प्रकाश विधानी, मुकेश आहुजा, राकेश शेवानी, मुकेश उदासी, सुमित पंजवानी, मुरली वासवानी व अन्य सेवादारी मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

### संस्कार विद्यालय में समर कैम्प शुरू

# समय के सदुपयोग के लिए शिविर से उचित जगह कोई नहीं

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में छात्रों के समग्र विकास के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश में कई तरह की गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों में नृत्य, खेल, संगीत, कंप्यूटर और कला एवं शिल्प शामिल हैं। शिविर का उद्घाटन गुरूवार को मुख्य अतिथि कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव और सोनिया पासी ने परंपरागत तरीके से किया।

संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि शिविर में भाग लेने वाले सभी छात्रों ने एक बहुत ही सही निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, ÷इन 24 दिनों के शिविर में आप बहुत कुछ नया सीखेंगे। मुख्य अतिथि कर्नल पारवानी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश केवल छुट्टी मनाने के लिए नहीं है, बल्कि समय का सदुपयोग करने के लिए है, जिसके लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे 24 दिनों तक समय पर आएं और समय का पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि इस शिविर में उन्हें कौशल विकास का अवसर मिल रहा है और हमारे जीवन में संचार कौशल बहुत महत्वपूर्ण है।

संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि आज समर कैम्प शुरू हो रहा है, और जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों को इस शिविर में भेजा है उन्होंने बहुत ही समझदारी का काम किया है। उन्होंने कहा, ÷आप शिक्षा को तो 10 महीने देते हैं, बाकी का विकास इस मनोरंजन से ही पूरा होगा। समय के सदुपयोग के लिए इस शिविर से ज्यादा उचित कोई स्थान नहीं है।÷ प्राचार्य आर.के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, शिक्षक समुदाय और छात्र भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



### 30 अप्रैल की स्थिति में देश में 19 लाख मीट्रिक टन अधिक (39 फीसदी) खरीदा गया गेहूं

# इस बार रेकार्ड गेहूं खरीद, पंजाब के बाद दूसरे नंबर पर मप्र , 5 मई तक होगी खरीदी

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

**किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के मामले में पंजाब के बाद मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर आ गया है। पिछले साल की तुलना में इस साल 30 अप्रैल की स्थिति में देश में 19 लाख मीट्रिक टन अधिक (39 फीसदी) गेहूं खरीदा गया है। 30 अप्रैल तक मध्यप्रदेश में कुल गेहूं खरीदी 67.57 लाख मीट्रिक टन हो गई है। पिछले साल प्रदेश में कुल गेहूं खरीदी सिर्फ 48.39 लाख मीट्रिक टन हुई थी। प्रदेश में गेहूं की खरीदी 5 मई तक चलनी है। हालांकि, स्लॉट बुकिंग अब बंद हो गई है।**



जानकार बताते हैं कि अगले चार-पांच दिन में प्रदेश में गेहूं खरीद का आंकड़ा 75 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचने का अनुमान है। देशभर में प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं खरीदी या तो पूरी हो गई है या अंतिम चरण में है। इस साल केंद्र ने देश में 312 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य की तुलना में अब तक केंद्रीय पूल में 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। पिछले साल 30 अप्रैल तक देश में 205.41 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया था। इस लिहाज से इस बार देश में अब तक 24.78त्न अधिक गेहूं सरकार खरीद चुकी है। इसमें सबसे बड़ा योगदान पांच प्रमुख राज्यों पंजाब, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और उप्र का है। केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के मुताबिक इस साल कुल 21.03 लाख किसानों से गेहूं खरीदा गया है। 30 अप्रैल तक 62,156 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों को कर दिया गया है। दावा किया गया है कि इस बार किसानों को गेहूं बिक्र के 24 से 48 घंटे के भीतर भुगतान किया गया है।

### 175 रुपए बोनस बढ़ाने पर बढ़ा खरीदी का आंकड़ा

यह भी माना जाता है कि केंद्र ने इस साल गेहूं का समर्थन मूल्य 2,425 रुपए तय किया था। मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी ओर से 175 रुपए बोनस देकर इस दाम को 2,600 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया था।इसलिये भी खरीद का आंकडा बढा है। यह मध्य प्रदेश में अब तक का सर्वाधिक बोनस है। राजस्थान ने 150 रुपए बोनस देकर दाम 2,575 रुपए किया था। बाकी किसी राज्य ने बोनस नहीं दिया है। इस कारण मध्य प्रदेश में एमएसपी और मंडी भाव लगभग एक स्तर पर आ गए।

### कार्यदक्षता बढाने का प्रयास, अक्सर ट्रेंनिंग से बचने की कोशिश करते हैं अफसर!

# 53 आईएएस अफसरों को ट्रेंनिंग के लिए मसूरी बुलाया, अब कई जिले होंगे 'खाली'

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मप्र काडर के कई आईएएस अफसर अब जल्द ही मिड करियर ट्रेनिंग के लिए मसूरी जाने वाले हैं इसके चलते कई पद अब प्रभारियों के भरोसे चलेंगे और कई जिलों में प्रभारी कलेक्टर नजर आयेंगे। दरअसल 53 आईएएस अधिकारियों को जून से शुरू हो रही ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी ने ऐसे अफसरों की सूची जारी कर 16 मई तक इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए हैं। सूची में सरकार के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत चार जिलों के कलेक्टर और सीएम सचिवालय में पदस्थ दोनों सचिव भी शामिल हैं। साफ तौर पर यह भी कहा गया है कि अधिकारी किसी न किसी कारण या बहाना बनाकर ट्रेनिंग से बच रहे हैं। जबकि वर्किंग एफिशिएंसी में सुधार के लिए यह ट्रेनिंग जरूरी है। यह सभी 53 अफसर सचिव व अपर सचिव कैडर के अधिकारी हैं।



#### अधिकारियों के लिए शुरु हुआ मिड प्रशिक्षण कार्यक्रम

उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमसीटीपी) 2007 में शुरू हुआ है। अफसरों की वर्किंग एफिशिएंसी में सुधार के लिए इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में अफसरों को तीन मौके दिए जाते हैं। बताया जाता है कि राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के साथ एमसीटीपी के रिव्यू के दौरान यह बात सामने आई है कि पात्रता के बाद भी किसी न किसी बहाने अधिकारी प्रशिक्षण से बच रहे हैं। इसलिए एक बार फिर ऐसे पात्र अफसरों की सूची जारी की गई है और उन्हें 16 जून से 11 जुलाई तक होने वाले एमसीटीपी के चौथे चरण की ट्रेनिंग के लिए सूचित किया गया है। जानकारी के मुताबिक इस ट्रेनिंग के लिए देशभर के कुल 779 अफसरों को 16 मई तक रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहा गया है। अफसरों को ट्रेनिंग में शामिल होने की सहमति 26 मई तक देने के लिए कहा गया है। इस ट्रेनिंग में 2011 बैच के अफसरों को पहला अवसर, 2010 बैच के अफसरों को दूसरा मौका और 2009 बैच के अफसरों को तीसरा प्रशिक्षण मौका दिया जा रहा है। जो अफसर 31 दिसम्बर 2028 के पहले रिटायर हो रहे हैं, उन्हें इस प्रशिक्षण के लिए पात्र नहीं माना गया है।

### भोपाल, इंदौर, ग्वालियर कलेक्टर के भी नाम

बताया जाता है कि ट्रेनिंग के लिए सूची में मुख्यमंत्री सचिवालय के दोनों सचिव सीबी चक्रवर्ती, टी इलैया राजा के नाम हैं तो चार जिलों के कलेक्टर आशीष सिंह इंदौर, कौशलेंद्र विक्रम सिंह भोपाल, रुचिका चौहान ग्वालियर, नेहा मारव्या सिंह डिंडोरी के भी नाम हैं। एमपीएसआईडीसी के एमडी चंद्रमौलि शुक्ला, सचिव वित्त विभाग लोकेश कुमार जाटव, एमडी एमपीआरडीसी भरत यादव, आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय शिल्पा गुप्ता, संचालक कृषि अजय गुप्ता, सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह, आयुक्त स्वास्थ्य तरुण राठी, आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल, राज्यपाल के सचिव उमाशंकर भार्गव का नाम भी प्रशिक्षण के लिए चिह्नित अफसरों की सूची में शामिल है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना का मामला

# साल में सिर्फ चार दिन होंगे विवाह, अफसरों को निर्देश

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

**अब सरकार ने तय किया है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह और मुख्यमंत्री कन्या निकाह योजना के तहत होने वाले विवाह कार्यक्रम साल भर में सिर्फ चार दिन ही होंगे। इसके लिए जनपदों के अधिकारी अब कभी भी विवाह की तिथि तय नहीं कर सकेंगे। राज्य शासन ने साफ कर दिया है कि यह विवाह बसंत पंचमी, अक्षय तृतीय, देव उठनी ग्यारस और किसी अन्य दिन ही किए जा सकेंगे।**

दरअसल यादव कैबिनेट द्वारा कन्या विवाह योजना में किए गए संशोधनों को मंजूरी दिए जाने के बाद सामाजिक न्याय और निशक्तजन विभाग ने इसके निर्देश सभी कलेक्टरों को जारी कर दिए हैं। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सोनाली वायंगणकर ने बताया कि योजना की मॉनिटरिंग की दृष्टि से इस तरह से तिथियों का चयन किया गया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना में किए गए संशोधन 15 मई 2025 से प्रभावी होंगे। नए संशोधन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के लिए चार तिथियां बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया एवं तुलसी विवाह (देवउठनी ग्यारस), एक अन्य तिथि विभाग के अनुसार तय की जा सकती है। योजना के अन्तर्गत अब सामूहिक विवाह इन्हीं तिथियों में आयोजित होंगे। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के लिए शासन की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ को सार्थक बनाने का प्रयास करते हुये आयोजन में जन-प्रतिनिधियों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी की जाएगी। समाज के संपन्न और सक्षम व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जाएगा।



### कांग्रेस का जून में जातिगत गणना सम्मेलन, राहुल आएंगे



दोहपर मेट्रो, भोपाल

मप्र कांग्रेस जून में भोपाल में जातिगत जनगणना सम्मेलन की तैयारी में है। इसके लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी आ सकते हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बताया कि कांग्रेस जातिगत जनगणना को लेकर दो महीने तक प्रदेशव्यापी जनजागरूकता अभियान भी चलाएगी। पटवारी ने कहा- ÷राहुल गांधी ने बीते 11 वर्षों में करीब दो लाख बार अलग-अलग मंचों से जातिगत जनगणना की मांग उठाई। भाजपा इसे नकारती रही, लेकिन हमारी अडिगता ने केंद्र को फैसला लेने पर मजबूर कर दिया।' पटवारी ने केंद्र के कुछ यू-टर्न फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की ओर से मुद्दे उठाने के बाद कई बड़े फैसलों में बदलाव हुआ।

# मप्र सरकार पर उदार केंद्र इस बार 8 हजार करोड़ रूपए ज्यादा मिलेंगे



दोहपर मेट्रो, भोपाल

केंद्र की मोदी सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लिए मध्यप्रदेश को दी जाने वाली राशि के प्रावधानों की घोषणा कर दी है। चालू वित्त वर्ष में केंद्र ने मोहन यादव सरकार को करीब आठ हजार करोड़ रुपए अधिक देने का फैसला किया है। सरकार को अगले वर्ष 31 मार्च तक इसका भुगतान किया जाएगा।वर्ष 2024-25 में मोदी सरकार ने केंद्रीय बजट में राज्य रकार को 37652 करोड़ रुपए देने का प्रावधान किया था। लेकिन तब 16155 करोड़ रुपए कम मिले थे और एमपी के हिस्से में 21497 करोड़ रुपए ही आए थे। अब चालू वित्त वर्ष में पिछले बजट से अधिक राशि की घोषणा के बाद एमपी में विकास कार्यों में और तेजी आने की संभावना जताई जा रही है।

### केन्द्र और राज्य की योजनाओं में खर्च होंगे 68519.05 करोड़

प्रदेश में केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा योजनाओं के संयुक्त क्रियान्वयन के लिए कुल 68519.05 करोड़ रुपए खर्च किए जाने का फैसला किया गया है। इसमें 44255.33 करोड़ रुपए केंद्र सरकार देगी जबकि 24263.71 करोड़ रुपए राज्य सरकार के अंश के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार कई अन्य योजनाओं में राशि अलग से भी जारी कर सकती है जिसके लिए बजट में प्रावधान नहीं किया गया है।केंस्त्रद्र और राज्य के समानुपात के आधार पर योजनाओं के खर्च के लिए चालू वित्त वर्ष में मोदी सरकार ने मोहन सरकार को 28 अप्रैल तक की स्थिति में 283.46 करोड़ रुपए दे भी दिए हैं



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जबलपुर कलेक्टर कार्यालय में नवीनीकृत राजस्व अभिलेखागार का लोकार्पण किया। यह अपनी तरह का मप्र का पहला अभिलेखागार हैं जहां समस्त रिकार्ड व्यवस्थित रूप से उपलब्ध है।

# भू-अभिलेख: जबलपुर की व्यवस्था सराहनीय: सीएम

दोहपर मेट्रो, भोपाल

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि भू-अभिलेख के व्यवस्थित रखरखाव के लिए जबलपुर में की गई पहल सराहनीय है। राज्य सरकार ने राजस्व प्रशासन सहित अनेक क्षेत्रों में कई नवाचार किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में साइबर तहसील, सम्पदा-1 और सम्पदा 2 के माध्यम से नागरिकों को सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। अब अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे लाल बस्ते का चलन खत्म हो रहा है। राजस्व रिकार्ड की नकल निकलवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की अब आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर कार्यालय, जबलपुर में नवीनीकृत राजस्व अभिलेखागार के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व के क्षेत्र में यह एक नूतन व्यवस्था है जो सुशासन के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना द्वारा किये गये नवाचार की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज नागरिकों को दस्तावेजों की हार्ड कापी और सॉफ्ट कापी दोनों ही उपलब्ध करवाने की व्यवस्था है। जबलपुर जिला प्रशासन इस पहल के लिए बधाई का पात्र है। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह और सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने भी संबोधित किया।

**मेट्रो एंकर**

### प्रदेश के पर्यटन स्थलों, वन्य क्षेत्रों और वन्य जीवों का रोमांचक अनुभव ले रहे आगंतुक

# अतुलनीय मप्र पेवेलियन बना आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र

दोहपर मेट्रो, भोपाल

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट-2025 में एमपी टूरिज्म का अतुलनीय मध्यप्रदेश पवेलियन, प्रदेश के पर्यटन स्थलों और संस्कृति के अनूठे और रोचक प्रस्तुतीकरण के कारण आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। नवीनतम डिजिटल तकनीक से बने टच इनेबल्ड इंटरैक्टिव मैप के माध्यम से मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में अतिथि जान रहे है। साथ ही बड़ी एलसीडी स्क्रीन में चलने वाले के टीवीसी और विडियोज को देखकर प्रदेश की सुंदरता के प्रति मोहित हो रहे है।

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि WAVES-2025 जैसे वैश्विक मंच पर 'अतुलनीय मध्यप्रदेश' पवेलियन के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध पर्यटन विविधता, ऐतिहासिक धरोहरों, वन्य जीवन और सांस्कृतिक विरासत को नवीन तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। हमारा उद्देश्य देश-विदेश से आने वाले आगंतुकों को मध्यप्रदेश की खूबसूरती और संभावनाओं से परिचित कराना है। पेवेलियन के माध्यम से निवेशकों, फिल्म निर्माताओं और पर्यटकों को आमंत्रित किया जा रहा हैं कि वे मध्यप्रदेश को अपनी प्राथमिक पसंद बनाएं। पर्यटन के लिए बल्कि प्रदेश की नई पर्यटन एवं फिल्म नीति का लाभ उठाए साथ ही आर्थिक प्रगति भी करें।

प्रदेश की वन्य संपदा और ऐतिहासिक धरोहरों की रोमांचक यात्रा कराने के लिए पेवेलियन में आधुनिक तकनीक से बनी एनामॉर्फिक स्क्रीन लगाई गई है, जहां पर्यटन स्थलों, वन्य क्षेत्रों और वन्य जीवों को थ्रीडी तकनीक से प्रदर्शित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश टूरिज्म पॉलिसी और मध्यप्रदेश की फिल्म पॉलिसी से अवगत कराने के लिए टच स्क्रीन लगाई गई है, जहां इच्छुक पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बिंदुवार जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही सभी आंगतुकों को ब्रोशर, मध्यप्रदेश का पर्यटन मैप,



### अमृतस्य मप्र नृत्य प्रस्तुति से अतिथि होंगे अभिभूत

वेव्स के दूसरे दिन यानि आज शुक्रवार को शाम 4:30 बजे सांस्कृतिक संध्या में वैश्विक मंच पर अमृतस्य नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। नृत्य के माध्यम से प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत और समृद्ध संस्कृति का अनुभव आगंतुकों को कराया जाएगा। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत विविधता और पर्यटन स्थलों की खूबसूरती को प्रसिद्ध कोरियोग्राफर मैत्री पहाड़ी के निर्देशन में 100 से अधिक कलाकार अनूठे रूप में प्रस्तुत करेंगे। अमृतस्य मध्यप्रदेश ओजपूर्ण और लयबद्ध नृत्य के माध्यम से अतिथियों के बीच प्रदेश के वैभवशाली अतीत, समृद्ध संस्कृति और विरासत को जीवंत करेंगी।



संपादकीय

# संकट के समय अवसर

हाल में यह बात सामने आई है कि टेक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एपल अमेरिका भेजे जाने वाले अपने सभी आईफोन चीन के बजाय अब भारत में ही बनाना शुरू करना चाहती है। इसके पीछे की वजह समझना बहुत मुश्किल काम नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ की जंग के बरक्स सोचें तो सभी साझेदार देशों पर यह असर डालेगी। चूंकि चीन ट्रंप के खास निशाने पर है और अमेरिका ने हाल में कहा है कि चीन पर लगाया जा रहा दंडात्मक शुल्क हमेशा नहीं रहेगा मगर यह साफ है कि चीन के साथ कारोबार जोखिम में रहेगा। ऐसे में ऐपल या किसी अन्य बड़ी कंपनी के लिए समझदारी इसी में है कि वह अपने उत्पादन को यथासंभव चीन से बाहर ले जाए और जोखिम कम कर ले। अगर ऐपल वाकई अपना उत्पादन चीन से भारत ले आती है तो भारत के लिए यह की मोर्चों पर बहुत लाभदायक स्थिति होगी। जल्द यह बात पूरी तरह स्पष्ट भी होगी, जब इस टेक दिग्गज कंपनी की तिमाही आय की रिपोर्ट आएगी और विश्लेषकों के प्रश्नों के उत्तर मिलेंगे। वास्तव में ऐपल ठेके पर फोन बनवाकर भारत में अपना उत्पादन लगातार बढ़ा रही है। एक अनुमान के मुताबिक मार्च 2025 में समाप्त हुए वर्ष में भारत में 22 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन असेंबल किए गए, जो उससे पिछले वर्ष की तुलना में 60 फीसदी अधिक आंकड़ा था। ऐपल हर वर्ष अमेरिका में करीब 6 करोड़ आईफोन बेचती है। अगर अमेरिका के लिए ये फोन 2026 से भारत में ही बनाए गए तो उत्पादन दोगुना करना पड़ सकता है। यह बड़ा मौका होगा। ध्यान देने वाली बात है कि कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां देसी बाजार पर नजर जमाकर भारत आती हैं मगर ऐपल का जोर दुनिया भर के लिए यहीं पर उत्पादन करने पर है। हालांकि भारत में उसकी बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है मगर उत्पादन में यह वृद्धि अमेरिका और बाकी दुनिया के लिए होगी। खबरों के मुताबिक 2024 में 1 लाख करोड़ रुपये के आईफोन निर्यात किए गए। इससे विनिर्माण के ठिकाने के तौर पर भारत की क्षमताओं का पता चलता है। हाल में स्थानीय मूल्यवर्द्धन तेजी से बढ़ा है। ऐसे में उम्मीद है कि उत्पादन बढ़ने पर कलपुर्जे बनाने वाले भी भारत आना चाहेंगे। आर्थिक और भूराजनीतिक माहौल देखते हुए जोखिम कम करने वाली ऐपल इकलौती कंपनी नहीं होगी। दूसरी कंपनियां भी आएंगी। चीन से दूरी बनाने का सिलसिला तो पिछले कुछ समय से चल रहा है लेकिन हालिया कारोबारी झटका इसमें तेजी ला सकता है। बेशक अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर काम कर रहा है और खबरों के मुताबिक बात सही दिशा में चल रही है मगर हमें आयात शुल्क में काफी कमी करने की जरूरत है। ऐसा करने से कच्चे माल और उपकरण लाने में आसानी होगी तथा वैश्विक कंपनियों को भारत में पैर जमाने में मदद मिलेगी। इससे विनिर्माण को बल मिलेगा और भारत की बढ़ती श्रम शक्ति को रोजगार मिलेगा। भारत को यह मौका हाथ से निकलने नहीं देना चाहिए। यह आगे चलकर 'ऐपल मूमेंट' की तरह याद किया जाएगा, जो देश में विनिर्माण क्षेत्र की तकदीर बदलने वाला साबित हो सकता है। यानि सभी कंपनियां खुदबखुद नहीं आएंगी। भारत को भी निवेश आकर्षित करने के लिए प्रयास करना होगा। केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर सरकारों ने ऐसे कई कदम उठाए हैं, जिनसे ऐपल का उत्पादन चीन से निकलकर भारत आ सकता है। लेकिन सभी कंपनियों के लिए ऐसा नहीं किया जा सकेगा। इसलिए जरूरी है कि प्रक्रियाओं को तेजी से सहज बनाया जाए और कंपनियों को नौकरशाही के जाल में उलझने से बचाया जाए।

**समय और सागर की लहर किसी की प्रतीक्षा नहीं करती।**
**- रिचर्ड ब्रैथव्हेट**

## आज का इतिहास

- 2003- भारत ने पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को फिर जोड़ने का ऐलान।
- 2011- अमेरिकी सुरक्षा बलों ने अंतरराष्ट्रीय आतंकी सरगना ओसामा बिन लादेन को मार गिराया।
- 2013- लंबे समय तक पाकिस्तान की कैद में रहे भारतीय सरबजीत सिंह पर कैदियों ने हमला कर उसे मार डाला।
- 1997- ब्रिटेन की लेबर पार्टी नेता टोनी ब्लेयर ने प्रधानमंत्री का पद संभाला, 1812 के बाद वह देश के सबसे कम उम्र के प्राइम मिनिस्टर बने।
- 1986- अमेरिका की एन. बैन्क्राफ़ उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाली प्रथम महिला।
- 1968- लोकसभा में पब्लिक प्रोविडेंड फंड एक्ट को मंजूरी मिली।
- 1968- लोकसभा ने सार्वजनिक भविष्य निधि विधेयक पारित किया था।
- 1952- पहले जेट विमान डी हैविलैंड ने लंदन से जोहान्सिबर्ग के बीच पहली उड़ान भरी।
- 1949- महात्मा गांधी की हत्या मामले की सुनवाई शुरू हुई।
- 1945- इटली में मौजूद जर्मन सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया था।
- 1933- जर्मनी में हिटलर ने मजदूर संघों पर प्रतिबंध लगा दिया था।
- 1924- नीदरलैंड ने सोवियत संघ को मान्यता देने से इनकार कर दिया था।
- 1975- डेविड बेकहम- इंग्लैंड के स्टाइलिश फुटबॉलर का जन्म।
- 1969- ब्रायन लारा- वेस्ट इंडीज के महान क्रिकेटर का जन्म।
- 1929- विष्णुकांत शास्त्री- भारतीय राजनीतिज्ञ एवं साहित्यकार का जन्म।
- 1921- सत्यजित रे-भारत रत्न, ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित फ़िल्म निर्माता, निर्देशक-लेखक का जन्म।

## निशाना

### टिप्पणी का काल !



-कृष्णेन्द्र राय

**चल रहा है आजकल ।**
**टिप्पणी का काल ।।**
**बोलना है कुछ भी ।**
**अब हमको हर हाल ।।**
**ना भाती खामोशी ।**
**करे भावना शोर ।।**
**हैं बैठे हम पद पर ।**
**करे कोई गौर ।।**
**शब्दों और विचारों की ।**
**है आई बहार ।।**
**करें प्राप्त कहीं भी ।**
**यही समाचार ।।**
**होकर शामिल मुहिम में ।**
**करें जरा उपकार ।।**
**टिप्णी हमारी ये ।**
**क्यों जानी बेकार ?**

# समरस भारतीय समाज बनाने की उम्मीद

■ **विश्वनाथ सचदेव**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जो कुछ हुआ है, उसने जहां एक ओर सारे देश को हिला कर रख दिया है, वहीं दूसरी ओर सारी मनुष्यता को भी शर्मसार कर दिया है। जिस नृशंसता और क्रूरता के साथ बैसरन में आतंकवादियों ने निरपराध सैलानियों का खून बहाया है उससे भारत ही नहीं, दुनियाभर के शांति-प्रिय लोग व्यथित हैं। यह व्यथा तब तक नहीं मिटेगी, जब तक मनुष्यता के खिलाफ अपराध करने वालों को उनके किये की समुचित सज़ा नहीं मिल जाती। हत्या-काण्ड के सात दिन बाद तक अपराधियों का न पकड़ा जाना ज़रूर कुछ निराश करता है, पर इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए कि अपराधी शीघ्र ही अपने किये की सज़ा पायेंगे। उन्हें सज़ा मिलनी ही चाहिए। पिछले एक अर्से से कश्मीर की घाटी अपेक्षाकृत शांत थी। उम्मीद की जा रही थी कि स्थिति लगातार बेहतर होगी, पर इस हत्या-काण्ड ने ऐसी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। फिर भी, इस हत्या-काण्ड पर दुनियाभर में जिस तरह की प्रतिक्रिया हुई है, वह आश्वस्त करने वाली है। सवाल यह उठता है कि जिस तरह से इस सारे काण्ड को रचा गया है उससे आतंकवादियों के मंसूबों के बारे में हम कितना कुछ समझ रहे हैं। जिस तरह नाम पूछ कर, कलमा पढ़वा कर और कपड़े उतरवा कर निरीह सैलानियों को मारा गया है, उससे यह बात तो स्पष्ट हो जाती है कि आतंकवादी कुछ लोगों को, या बहुत सारे लोगों को, मार कर सिर्फ आतंक ही फैलाना नहीं चाहते थे, उनका असली उद्देश्य भारतीय समाज को बांटने का था।

कश्मीर में, और शेष भारत में, इस हत्या-काण्ड पर जिस तरह की प्रतिक्रिया हुई है, वह आश्वस्त करने वाली है। कुल मिलाकर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और असम से लेकर गुजरात तक, सारा भारत एक आवाज़ में आतंकवाद के खात्मे की आवाज़ उठा रहा है। लेकिन, ऐसे तत्व भी हैं समाज में जो इन आशंकाओं को बल दे रहे हैं कि कहीं हम उन आतंकवादियों के षड्यंत्र का शिकार न बन जायें जिनका मुख्य उद्देश्य हमें धर्म के नाम पर बांटना ही है। लेकिन जब तक हमारे बीच एक भी हुसैनशाह अथवा 'नज़ाकत चाचा' ज़िंदा है,



तब तक एक समरस भारतीय समाज बनाने की हमारी आशा भी ज़िंदा रहेगी।जी हां, आदिल हुसैनशाह और नज़ाकत उन कश्मीरियों के नाम हैं जिन्होंने जान पर खेल कर यह प्रमाणित करने का प्रयास किया कि इंसानियत और उम्मीद अभी ज़िंदा है। कश्मीर में नृशंस हत्याकाण्ड शुरू होने के कुछ ही मिनट पहले नज़ाकत उन सैलानियों के बच्चों के साथ खेल रहा था जिन्हें वह पहलगाम घुमाने लाया था। खेल-खेल में जब सैलानियों के तीन-चार साल के बच्चे ने अपने परिवार के 'गाइड' को नज़ाकत नाम से पुकारा तो बच्चे के पिता ने टोकते हुए कहा था, 'नज़ाकत नहीं, नज़ाकत चाचा कहो बेटा'। और इस नज़ाकत चाचा ने उस परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए अपनी जान की बाज़ी लगा दी थी। कश्मीरी घोड़ेवाले आदिल हुसैन शाह तो बलिदान ही हो गया अपने 'मेहमानों' को बचाते-बचाते। ये दोनों नाम कश्मीरियत नहीं, इंसानियत के लिए बलिदान होने वाली तमन्ना का परिचय देने वाले हैं। आज सारा देश इस तमन्ना को सलाम कर रहा है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वहां की विधानसभा में इस हत्याकांड की भर्त्सना करते हुए जब यह कहा कि उनके पास माफी मांगने के लिए शब्द नहीं हैं तो उनका गला भर आया था। उन्हें इस बात की पीड़ा थी कि वे उन सैलानियों को बचा नहीं पाये जिन्हें उन्होंने 'कश्मीर घूमने की दावत' दी थी। सीधे-सादे शब्दों में भावुक कर देने वाला यह 'माफीनामा' कुल मिलाकर उस हिंदुस्तानी की आवाज़ थी जो एक भारतीय समाज की परिकल्पना में विश्वास करता है। आदिल या नज़ाकत या उमर उस भावना का नाम है जिसके धागे में पिरोया हमारा देश मनुष्यता की एक माला बना हुआ है। इस भावना पर किसी भी प्रकार का अविश्वास करके मैं उम्मीद की उस किरण की चमक को ज़रा-सा भी कम नहीं करना चाहता जो हमें भारतीय होने पर गर्व करना सिखाती है।इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज भी देश में कुछ ऐसे तत्व हैं जो भारत के नागरिक को हिंदू-मुसलमान की नज़र से देखते हैं। यदि हम आज कश्मीर में जो हुआ उसके मूल उद्देश्य को समझने में विफल रहते हैं तो यह बांटने वाली नापाक ताकतों के इशारों पर नाचने जैसी बात ही होगी। आखिर पहलगाम में खून बहाने वाले आतंकी चाहते क्या थे? क्या कुछ लोगों को मारना ही उनका उद्देश्य था? जी नहीं, कश्मीर में आतंक फैलाने के इरादे से आये थे आतंकी और उनका उद्देश्य हमारे भारतीय समाज को बांट कर कमज़ोर बनाना था। इसलिए, यदि आज हम आतंकवादियों के इरादों के शिकार हो जाते हैं, इस तरह की घटनाओं को हिंदू-मुसलमान की दृष्टि से देखने लगते हैं तो आतंकियों के इरादों के पूरा होने के मददगार ही सिद्ध होंगे हम। आतंकवादी, पाकिस्तान में बैठे उनके आका और पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जैसे तत्व इस तरह की घटनाओं को अंजाम देकर यही चाहते हैं कि पंथ-निरपेक्षता में विश्वास करने वाला भारतीय समाज बंट जाये, कमज़ोर हो जाये। पंथ-निरपेक्षता और धार्मिक विविधता हमारी ताकत है। आतंकियों के इरादों को न समझ कर, अथवा गलत समझ कर, हम अपनी नासमझी का नहीं, अपनी नादानी का ही परिचय देंगे। और यह नादानी किसी अपराध से कम नहीं होगी।

हमें इस बात का भी ध्यान रखना है कि धर्म के नाम पर समाज को बांटने वाली ताकतें कमज़ोर भले ही हों, अभी ज़िंदा हैं। इन ताकतों को पहचानना, और उन्हें विफल बनाना, हमारे अस्तित्व की शर्त है। हमें इस शर्त पर खरा उतरना ही होगा। मैं हिंदू हूं या मुसलमान, या किसी और धर्म को मानने वाला, इससे इस बात पर कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि मूलत~मैं मनुष्य हूं। यहां मैं गीतकार गोपालदास नीरज की उस कविता को याद करना चाहता हूं, जिनमें उन्होंने कहा था, 'अब तो कोई मज़हब ऐसा भी चलाया जाये, जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाये।' आदिल और नज़ाकत इसी इंसान के नाम हैं। हमें अपने भीतर के इस इंसान को ज़िंदा रखना होगा। इसके लिए सतत जागरूकता और सतत प्रयास की आवश्यकता है। बांटने वाली ताकतें कमज़ोर भले ही हों, पर शैतानियत का पुतला होती हैं। इस शैतानियत को हरा कर ही हम इंसानियत को ज़िंदा रख सकते हैं। इंसानियत का तकाज़ा है कि हम बांटने वाली ताकतों के हाथों का खिलौना न बनें। नाम पूछ कर गोली चला देने वाला मनुष्यता का अपराधी है, नाम पूछकर सामाजिक बहिष्कार करने वाली मानसिकता भी उतनी ही अपराधी है। आतंकियों से बदला लेना ज़रूरी है, पर उतना ही ज़रूरी यह भी है कि हम समाज के उन तत्वों की पहचान करके उन्हें परास्त करने का संकल्प लें जो एक भारतीय के रूप में हमारी पहचान को धुंधला बनाने की कोशिश में लगे हैं। ऐसा न करने या न कर पाने का मतलब है आतंकियों के इरादों को पूरा करने में मदद करना। आतंकियों के इन इरादों को हरा कर ही हम जीत सकते हैं।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**सूरदास जयन्ती- 2 मई, 2025**

# श्रीकृष्ण-भक्ति के दिव्य एवं अलौकिक प्रतीक हैं सूरदास

■ **ललित गर्ग**

इस संसार में यदि सबसे बड़ा कोई संगीतकार है तो वो हैं श्रीकृष्ण। जिस प्रकार से तत्व, रज और तम-इन तीनों गुणों के समन्वय को प्रकृति कहा गया है, उसी प्रकार से गायन, वादन और भक्ति इन तीनों में जो रमा हो, जो पारंगत हो उसे श्रीकृष्ण-भक्त गया गया है। ऐसे ही दिव्य एवं अलौकिक श्रीकृष्ण भक्ति के एक महान् चितेरे एवं श्रीकृष्ण भक्ति को समर्पित शीर्षस्थ भक्त-कवि व्यक्तित्व हैं सूरदासजी। वे एक दृष्टिहीन संत थे, जिन्होंने पूरी दुनिया को श्रीकृष्ण भक्ति का मार्ग दिखाया। वे बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति समर्पित थे और उनकी भक्ति में पूरी तरह से डूब गए। वे एक महान भक्ति कवि एवं हिन्दी साहित्य के सूर्य माने जाते हैं। उनका आदर्श चरित्र और जीवन दर्शन अंधेरे को भी उजाला प्रदान करता है। वे जहां भक्त, वैरागी, त्यागी और संत थे, वहीं वह उत्कृष्टतम काव्य प्रतिभा के धनी एवं गायन में कुशल भी थे। इसलिए उनके अन्तर्मन की पावन भक्तिधारा मन्दाकिनी की भांति कल-कल करके प्रस्फुटित हुई।

सूरदास ने जीवनपर्यंत भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की और ब्रज भाषा में उनकी लीलाओं का वर्णन किया। कान्हा की भक्ति में उन्होंने कई गीत, दोहे और कविताएं लिखी हैं। प्रभु श्रीकृष्ण का गुणगान करते हुए उन्होंने सूरसागर, सूर-सारवली और साहित्य लहरी जैसी महत्वपूर्ण रचनाएं कीं, जो भक्ति-साहित्य की अनमोल धरोहर है। उनका जन्म एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में संभवतः सन् 1535 की वैशाख शुक्ल पंचमी को हुआ जो इस वर्ष की 2 मई, 2025 है। चार भाइयों में सूरदास सबसे छोटे एवं नेत्रहीन थे। माता-पिता इनकी ओर से उदासीन रहते थे। निर्धनता एवं माता-पिता की उनके प्रति उदासीनता ने उन्हें विरक्त बना दिया। वह घर से निकल कर चार कोस की दूरी पर तालाब के किनारे रहने लगे।

सूरदास, श्रीकृष्ण भक्ति के महान कवियों में से एक हैं, जिनकी भक्ति में प्रेम, माधुर्य और विरह का अनूठा संगम है। सूरदास की भक्ति सगुण भक्ति धारा के पुष्टिमार्ग से जुड़ी है, जहाँ वे श्रीकृष्ण को अपने जीवन का सर्वस्व मानते हैं। उनकी भक्ति में सख्य भाव की प्रधानता है, जहाँ वे श्रीकृष्ण को अपना सखा मानते हैं और उनके साथ प्रेममय संबंध स्थापित करते हैं। सूरदास का व्यक्तित्व भी बहुत विरल है, वे एक अनूठे भक्त थे जो श्रीकृष्ण के प्रति सर्वात्मना समर्पित थे और उनकी भक्ति में पूरी तरह से लीन थे। उन्होंने ऐसे समय में श्रीकृष्ण भक्ति की धारा प्रवाहित की जब समाज में धर्म की हानि हो रही थी, अधर्म पुष्ट हो रहा था, सज्जन कष्ट झेल रहे थे और दुर्जन आनन्द भोग रहे थे। ऐसे समय में सूरदास भला तटस्थ कैसे रहते? इस तरह सूरदास की भक्ति केवल श्रीकृष्ण तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने अपने काव्य में मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को भी चित्रित किया है।

मान्यता के अनुसार एक बार सूरदास श्रीकृष्ण की भक्ति में इतने डूब गए थे कि वे एक कुंए में जा गिरे, जिसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने खुद उनकी जान बचाई और आंखों की रोशनी वापस कर दी। जब श्रीकृष्ण भगवान ने उनकी भक्ति से प्रसन्न



होकर वरदान में कुछ मांगने के लिए कहा तो उन्होंने कहा कि 'आप फिर से मुझे अंधा कर दें। मैं श्रीकृष्ण के अलावा अन्य किसी को देखना नहीं चाहता।' वे भले ही अंधे थे, लेकिन उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को अपने हृदय से देखा और सुना और उनके बारे में सुंदर पद लिखे। संत सूरदास द्वारा रचित काव्य साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान भारतीय लोक संस्कृति और परम्परा को उच्च शिखर पर आसीन कराने में हुआ। उन्होंने द्वापर के नायक श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं का समसामयिक लोक-आस्था के अनुरूप चित्रण किया और भगवान को एक लोकनायक के रूप में प्रस्तुत किया। भगवान को लौकिक रूप में प्रस्तुत कर सूरदासजी ने हमारे समाज को एक नई आस्था एवं नई भक्ति की अवधारणा दी है। वास्तव में सूरदासजी का काव्य लालित्य, सौन्दर्य, वात्सल्य, श्रृंगार, शांत रस और प्रेम का काव्य है।

कुछ लोगों के अनुसार सम्राट अकबर सूरदास से मिलने आए थे। कहते हैं कि तानसेन ने अकबर के समक्ष सूरदास का एक पद गाया। पद के भाव से मुग्ध होकर सम्राट अकबर मथुरा जाकर सूरदास से मिले। सूरदास ने बादशाह को 'मना रे माधव सौं करु प्रीती गाकर सुनाया।' बादशाह ने प्रसन्न होकर सूरदास को अपना यश वर्णन करने का आग्रह किया। तब निर्लिप्त सूरदास ने 'नाहिन रहनो मन में ठौर' पद गाया। पद के अंतिम चरण 'सूर ऐसे दरस को ए मरत लोचन व्यास' को लेकर बादशाह ने पूछा ''सूरदासजी आप नेत्र ज्योति से वंचित हैं, फिर आपके नेत्र दरस को कैसे प्यासे मरते हैं?'' सूरदासजी ने कहा, ''ये नेत्र भगवान को देखते हैं और उस स्वरूप का रसपान प्रतिक्षण करने पर भी अतृप्त बने रहते हैं।'' अकबर ने सूरदास से द्रव्य-भेंट स्वीकार करने का अनुरोध किया पर निडरतापूर्वक भेंट अस्वीकार करते हुए सूरदासजी ने कहा आज पीछे हमको कबहूं फेरि मत बुलाइयो और मोको कबहूं लिलियो मती।

सूरदासजी संगीत-शास्त्र के परम ज्ञाता, काव्य नेपुण्य एवं गान-विद्या विशारद विषय में प्रतिभा सम्पन्न थे। सूरदास आशु कवि थे। उन्होंने काव्य लिखा नहीं बल्कि उनके मुखारविन्द से स्वतः श्रीकृष्ण की लीला गान करते हुए पद झड़ने लगे थे और वे पद रूप सामृत-बिन्दू की तरह एकत्र होकर सागर ही नहीं काव्य रस का महासागर बन गए, जिसे 'सूरसागर' के नाम से जाना जाता है। महाकवि सूरदासजी का जीवन वृत स्वल्प अंश में ही ज्ञात है। उनके लिए महत्व अपनी अस्मिता का नहीं, आराध्य का था। इसलिए उनके जीवन संबंधी साक्ष्य नहीं के बराबर मिलते हैं। कुल मिलाकर 'संसार से विराग और ईश्वर से राग' यही सूरदास की आरंभिक दौर की भक्ति का मूल आधार रहा है, जिसे उन्होंने बड़ी तल्लीनता के साथ व्यक्त किया है। सूरदास ने स्वयं को अपने ईश्वर का तुच्छ सेवक मानते हुए उनके समक्ष दैन्य प्रकट किया है। इस कारण सूरदास की भक्ति 'दास्य भाव' की भक्ति कहलाती है, जिसमें भक्त स्वयं को अपने ईश्वर का दास मानकर उनकी सेवा और भक्ति करता है।

एक प्रसंग प्रचलित है कि सूरदास जब गाऊघाट पर रहते थे तो उन्हें वहां एक दिन वल्लभाचार्य के आने का पता चला। सूरदास उचित समय पर वल्लभाचार्य से मिलने गए और उनके आदेश पर अपने रचित दो पद उन्हें गाकर भी सुनाए-'हौं हरि सब पतितन कौ नायक' एवं 'प्रभु! हौं सब पतितन कौ टीकौ।' वल्लभाचार्य ने सूरदास के इन दीनतापूर्ण पदों को सुना और उन्होंने सूरदास से कहा कि-'जो सूर ह्वै कै ऐसो घिघियात काहे को है? कुछ भगवत् लीला वर्णन करौ।' इस पर सूरदास ने वल्लभाचार्य से कहा कि- 'प्रभु! मुझे तो भगवान की लीलाओं का किंचित भी ज्ञान नहीं।' ऐसा सुनकर वल्लभाचार्य ने सूरदास को अपने संप्रदाय में स्वीकारते हुए पुष्टिमार्ग में दीक्षित करने का निश्चय किया। उन्होंने सूरदास को श्रीमद्भागवत के दशम स्कंध की बनाई हुई अपनी अनुक्रमणिका सुनाई, जिसके पश्चात् सूरदास ने विनय के पदों का गान छोड़कर पुष्टिमार्गी परिपाटी के अनुसार ईश्वर की भक्ति का वर्णन करना आरंभ कर दिया।

सूरदास ने ब्रजभाषा में सरल, सहज बोधगम्य भाषा का प्रयोग किया है, जिससे उनकी भक्ति भावना और अधिक प्रभावशाली हो गई है। सूरदास की रचनाओं में संगीत का भी महत्वपूर्ण स्थान है, जो उनकी भक्ति भावना को और भी दिव्य, सुंदर और मधुर बनाता है। उनकी भक्ति का केंद्रबिंदु श्रीकृष्ण प्रेम है, जो उनके जीवन का सार है। सूरदास ने श्रीकृष्ण के बाल रूप का भी सुंदर वर्णन किया है और यशोदा के वात्सल्य भाव को भी अपने काव्य में दर्शाया है। सूरदास ने श्रीकृष्ण के विरह में भी गहरे भाव व्यक्त किए हैं, जो उनकी भक्ति की गहराई को दर्शाते हैं। सूरदास की भक्ति विशेषताएं उनके काव्य में प्रेम, माधुर्य, सांख्य भाव, विरह, और वात्सल्य जैसे भावों का मिश्रण है। सूरदास का विरल व्यक्तित्व श्रीकृष्ण प्रेम, आत्मसमर्पण, विरह, वेदना, और व्यापकता से युक्त है। उनकी भक्ति और व्यक्तित्व ने उन्हें श्रीकृष्ण भक्ति धारा के महान कवियों में से एक बना दिया है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### नर्मदापुरम जिले में नरवाई जलाना प्रतिबंधित

# नरवाई जलाने वाले किसानों के विरुद्ध की गई एफआईआर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में अब तक 13 व्यक्तियों के विरुद्ध नरवाई जलाने पर एफआईआर की कार्रवाई की गई है। साथ ही 23 अप्रैल से 27 अप्रैल तक तहसील बनखेड़ी, होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया एवं सिवनी मालवा के विभिन्न ग्रामों में नरवाई जलाने के 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम जिले में नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया गया है एवं किसानों को समय-समय पर किसान कार्यशाला एवं किसान खेत पाठशाला आयोजित कर नरवाई ना जलाने के लिए प्रेरित एवं जागरूक भी किया जाता रहा है, इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा नरवाई जलाने की घटना की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल 2025 से 27 अप्रैल 2025 तक नरवाई जलाने के 10 प्रकरण सामने आए है। बनखेड़ी के ग्राम देवरी में नरवाई जलाने का एक प्रकरण सामने आया है। इसी क्रम में होशंगाबाद के होरिया पिपर में एक, इटारसी के छिपी खापा में एक, छितापुरा में दो, काला आखर में दो, टांगना में एक प्रकरण सामने आया है। पिपरिया के खैरी कला में एक, सिवनी मालवा के बलाक में एक प्रकरण सामने आया है। नरवाई जलाने के 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।



जिला प्रशासन ने नरवाई जलाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषी व्यक्ति संतोष यादव, गोपाल साहू पिता जयराम , मनोज चौरे पिता देवकीनंदन चौरे, राधे श्याम पिता डालू, गंभीर पिता राधे श्याम, शिव नारायण पिता राधे श्याम, मिश्रीलाल पिता जमुना, चतर सिंह पिता नानक राम, अन्ना पिता ज्ञान सिंह, जंडेल कौरव पिता हरिराम कौरव, काशीराम कौरव पिता भगवान दास कौरव, आशीष कौरव पिता जंडेल कौरव एवं अजय रघुवंशी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

#### जिले में नरवाई जलाने वाले किसानों पर जुर्माने की राशि अधिरोपित की गई

जिले में खेत की नरवाई जलाने वालो पर लगातार जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना की राशि अधिरोपित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कृषक प्रकाश चंद पिता मनोहर लाल ग्राम मूढापार द्वारा अपने दो एकड़ के खेत की नरवाई जलाने पर प्रकाश चंद पर 2500 रुपए की जुर्माने की राशि अधिरोपित की गई है। इसी क्रम में ग्राम समोन के बृजमोहन दुबे पिता रघुनंदन दुबे पर 5000 रुपए की, ग्राम मूढापार के शुभम पिता दामोदर, अमन पिता दामोदर एवं अंकित पिता दामोदर पर 2500 रुपए की राशि, मूढापार के शुभम उर्फ वेदांत पिता विनय कुमार शर्मा पर 5000 हजार की राशि, ग्राम समोन के उदित दुबे पिता राजेंद्र प्रसाद दुबे पर 2500 रुपए की राशि, समोन के अक्षय दीवान पिता दिनेश दीवान पर 2500 रुपए की जुर्माने की राशि अधिरोपित की गई है। इसके अतिरिक्त माखन नगर तहसील के विभिन्न ग्रामों के 6 व्यक्तियों पर द्वारा नरवाई जलाने पर 20 हजार रुपए की जर्माने की कार्रवाई अधिरोपित की गई है।

# खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन





**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विकासखंड सिवनी मालवा में खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आईटीआई खेल मैदान पर हुआ जिसमें कबड्डी,फुटबॉल सहित अन्य खेलों में बच्चे भाग लेंगे।

शुभारंभ के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विक्रम सूर्यवंशी आईटीआई प्रचार राठौर सर फुटबॉल कोच रवि हरदुआ कुसुम महाविद्यालय स्पोर्ट्स ऑफिसर अनुराग पाठक एवं खेल युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नारायण बावरिया द्वारा शुभारंभ किया गया जिसमें करीब 70 बच्चों ने भाग लिया कबड्डी प्रशिक्षण के लिए शिव अभिनय पुरोहित, मुस्कान साध, पलक राठौर एवं कराटे प्रशिक्षण के लिए रोशनी राजपूत ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्राओं के पलक गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# परशुराम जयंती पर देर रात तक चला भंडारा, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों हुए सम्मानित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भगवान विष्णु के छठवें अवतार व शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता ब्राह्मण कुल गौरव भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर धूमधाम से मनाया गया। बुधवार प्रातःकाल से भगवान परशुराम के पूजन अर्चन का कार्य प्रारंभ हो गया था। राजा मोहल्ले में पं अखिलेश भट्ट और पं अरूण तिवारी के आचार्यत्व में भगवान परशुराम का अभिषेक पश्चात् पूजन किया गया। रात्रि के समय विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव समिति राजा मोहल्ला नर्मदापुरम के सौरभ तिवारी ने बताया कि भंडारा रात्रि 7 बजे से प्रारंभ हुआ जो करीब साढे दस बजे तक चला। भंडारे में हजारों की संख्या में विप्र समाज के भाई बहन और स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान केके थापक, केएम तिवारी, संजय दुबे खालवा, राकेश दुबे भट्टी, प्रदीप दुबे, राकेश दुबे भोपाल, आलोक तिवारी, देवेन्द्र दुबे, नरेन्द्र दुबे हरदा, योगेन्द्र भट्ट, गौरव तिवारी, दिनेश दुबे, अनुराग दुबे, आनंद मूर्ति तिवारी, जगदीश तिवारी, राजकुमार तिवारी, संजीव शर्मा, शिवम् दुबे, शुभम दुबे, अभिषेक दुबे, रिपुसुदन दुबे, मुरारी तिवारी, अमित तिवारी, गोपाल तिवारी, वंश तिवारी, आशुतोष शर्मा, विवेक भट्ट, सोभित दुबे, हरिनारायण दुबे, रवि भट्ट, पब्बू, मनोज जराठे, मयंक तोमर, अनूप चौबे, अभिनाश अग्रवाल, गणेश सोनी, अजय पटेल, धीरज चौकसे कमलेश माहुले के अलावा मातृशक्ति से सरोज दुबे, निर्मला दुबे, गंगोत्री बाई, मिथलेस दुबे, प्रतिभा दुबे, सुचित्रा दुबे, वत्सला दुबे, ज्योति तिवारी, अर्चना दुबे, कंचन दुबे, सुमन तिवारी, बिनीता तिवारी, एकता दुबे, अंजली दुबे, तृप्ति दुबे, आकाश दीक्षित, निशा भट्ट, रश्मि भट्ट, आदि मौजूद रहे।



प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित..

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर प्रतिभावान छात्र छात्राओं और समाज के कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी का सम्मान किया गया। कक्षा 5वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र व केन्द्रीय गृहमंत्री से अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वाले सहायक उप निरीक्षक संजीव शर्मा का सम्मान किया गया।

## पत्रकारवार्ता में अक्षय की मौत पर पिता ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल

**नर्मदापुरम।** नगर के युवा नेता अक्षय दीक्षित का एक सड़क दुर्घटना में 11 जून 2023 को निधन हो गया था। इसके बाद से ही स्वर्गीय अक्षय दीक्षित के पिता वरिष्ठ समाजसेवी अरुण दीक्षित ने सड़क दुर्घटना पर उनके बेटे की संदिग्ध मृत्यु पर सवाल उठाते हुए डॉक्टर दहलवार सहित डॉक्टर रोहित शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गुरुवार को आईटीआई रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में सर्वधर्म संगठन के नेतृत्व में वरिष्ठ समाजसेवी अरुण दीक्षित द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित कर अपने पुत्र स्वर्गीय अक्षय दीक्षित की मृत्यु पर गंभीर सवाल उठाए। पत्रकार वार्ता में अवगत कराया कि सडक दुर्घटना में मेरे बेटे अक्षय दीक्षित का स्वर्गवास हो गया था,संबंधित डॉ दहेलवार एवं डॉ रोहित शर्मा द्वारा पुलिस थाने में दिए गए बयान के अनुसार जानवर के सामने आ जाने के कारण उसको बचाने में गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई लेकिन पुलिस द्वारा इसका उल्लेख नहीं करते हुए सिर्फ तेज गति से वाहन चलाने का उल्लेख किया गया। जिसके कारण एलआईसी द्वारा दुर्घटना हित लाभ का भुगतान रोक दिया गया ।

### ताकू प्रूफ रेंज में कलेक्टर और सेना के अधिकारियों की मुलाकात

# सामरिक समन्वय और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को ताकू प्रूफ रेंज में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। यह बैठक न केवल प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण थी, बल्कि क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए भी कारगार होगी।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य रेंज के आसपास निवास कर रहे ग्रामीणों और सेना के बीच आपसी समन्वय और सहयोग को मजबूत करना और आपसी तालमेल और समझ को बेहतर करना था ।इस दौरान कलेक्टर के साथ इटारसी एसडीएम टी प्रतीक राव और तहसीलदार श्रीमती प्रियंका भलावी एवं शक्ति तोमर उपस्थित रहे। प्रूफ रेंज में कर्नल तकनीकी जितेंद्र कृष्णैया ने सभी अधिकारियों को 105 एमएम आई एफ जी 120 एमएम मोर्टार और बोफोर्स की फायरिंग दिखाई और उसके बाद ग्रामीणों और कर्मचारियों को होने वाली समस्या से सभी को अवगत कराया जिसमें प्रूफ रेंज में ग्रामीणों द्वारा किया गया अतिक्रमण, फायरिंग के दौरान गलत तरीके से रेंज में आवाजाही की जानकारी दी। प्रूफ रेंज की सड़क की खस्ता हालत के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रूफ रेंज में पानी की समस्या भी हमेशा बनी रहती है जिसके स्थायी निवारण के लिए भी कर्नल कृष्णैया ने सकारात्मक प्रयास के लिए बात की। प्रूफ रेंज में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क आदि समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया एवं आयुध अधिनियम तहत त्वरित अनुमतियों हेतु अनुरोध किया गया। कलेक्टर द्वारा सभी मुद्दों पर जल्द ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया ।सभी अधिकारियों ने सीपीई में सिविल कर्मचारियों और सेना के एक साथ मिलकर गोलाबारूद और तोपों के प्रूफ कार्य को इतने बड़े स्तर पर करने पर सराहना की।



कलेक्टर और सेना के अधिकारियों की चर्चा के माध्यम से सामरिक समन्वय और संयुक्त प्रयासों को बल मिलेगा और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में एवं सचिव/ न्यायाधीश विजय कुमार पाठक एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह की उपस्थिति मे गुरूवार 01 मई 2025 को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिको हेतु श्रम विभाग के साथ संयुक्त समन्वय से सीवेज प्लांट रसूलिया नर्मदापुरम में निर्माण श्रमिकों हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर मे न्यायाधीश/ सचिव विजय कुमार पाठक द्वारा श्रम दिवस मनाने का कारण, उद्देश्य एवं संवैधानिक अधिकार, न्यूनतम मजदूरी, समान मजदूरी, ई श्रमिक कार्ड योजना, कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, आयुष्मान कार्ड आदि लाभकारी योजनाओ के संबंध मे विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।



जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, गैर संगठित क्षेत्र के मजदूरों के सशक्तिकरण एवं श्रमिकों के कानूनी अधिकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रमिको के लिए संचालित योजनाओं तथा श्रमिकों हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

श्रम अधिकारी सुश्री वर्षा इपाचे द्वारा म.प्र.भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल तथा म.प्र.असंगठित (ग्रामीण एवं शहरी )कर्मकार कल्याण मंडल की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

(सीएससी) कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से शिविर दिनांक को ही श्रमिकों का पंजीयन कर ई-श्रम कार्ड सचिव के द्वारा वितरित किए गए।कार्यक्रम का संचालन श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू द्वारा किया गया।

## शहर की पुलिस ने किया बाजार का भ्रमण, सड़क पर सामान न रखने की दुकानदारों को दी समझाइश

**गंजबासौदा।** शहर पुलिस द्वारा बाजार का भ्रमण किया गया। और दुकानदारों को सड़क पर सामान न रखने और वाहनों को दुकानों के सामने खड़ा न करने की समझाइश दी। वहीं फल सब्जी हाथ ठेला बालों को भी समझाइश दी की जहां उनको जगह दी गई है वहीं पर लगाए सड़क किनारे ठेला लगाने से यातायात व्यवस्था तो बिगड़ती है और जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर भ्रमण के दौरान शहर थाना प्रभारी सहित थाने का पुलिस बल मौजूद था।



**मेट्रो एंकर** विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यालय अशोक भवन का लोकार्पण हुआ

# सेवा और संस्कारों का केंद्र होगा यह कार्यालय : परांडे

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

बालाजी नगर सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के पास स्थित विश्व हिन्दू परिषद के नव निर्मित जिला कार्यालय अशोक भवन का लोकार्पण बुधवार को कन्या पूजन, शिलापट्ट अवलोकन के साथ किया गया।

इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि महान हुतात्मा अशोक सिंघल के नाम पर बना यह कार्यालय सेवा और संस्कारों का केंद्र बनेगा इस कार्यालय में आगामी समय में सामाजिक, धार्मिक गतिविधियां संचालित होंगी जिसका लाभ हिन्दू समाज को मिलेगा ऐसी सभी की शुभकामनाएं हैं।

नौलखी खालसा के श्री महंत राम मनोहर दास महाराज ने कहा कि स्व. अशोक सिंघल राम जन्मभूमि आंदोलन के पुरोधा रहे हैं उनके समय में आंदोलन ने गति पकड़ी थी और उन्हीं की रणनीति का परिणाम है कि आज अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व केंद्रीय सह मंत्री राजेश तिवारी ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद का यह भवन निश्चित रूप से समाज जागरण का केंद्र बनेगा हिंदुत्व की विचारधारा प्रवल होगी।




प्रांत मंत्री राजेश जैन ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यालय के निमित्त पूर्व केंद्रीय सह मंत्री राजेश तिवारी ने अपनी स्व मां प्रेमवती तिवारी की पुण्य स्मृति में भूमि दान स्वरूप दी है।

इस अवसर पर गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी, क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र पंवार, प्रांताध्यक्ष के.एल शर्मा, प्रांत समरसता प्रमुख सुनील यादव, जिलाध्यक्ष संदीप नेमा मंचासीन थे कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह ठाकुर, विभाग मंत्री दौलत लौंगवानी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरूजी ने किया तथा आभार प्रदर्शन विभाग विशेष संपर्क प्रमुख नितिन सक्सेना ने किया कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ता, विचार परिवार के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित थीं कार्यक्रम के दौरान कार्यालय के लिए सहयोग करने वाले विशिष्ट सहयोगियों का सम्मान भी किया गया।

### अपर प्रमुख सचिव अनुपम राजन ने नीट यूजी परीक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

# परीक्षा में छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार असुविधा न हो : कलेक्टर

- रविवार 4 मई को आयोजित होगी परीक्षा
- जिले के तीन केंद्रों पर 1608 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगें



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा उच्च शिक्षा विभाग के अपर प्रमुख सचिव अनुपम राजन ने आज नीट यूजी परीक्षा को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश युक्त मार्गदर्शन विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से दिया है। विदिशा के एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के अलावा डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया, समेत उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं प्राचार्य गण मौजूद रहे।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत जिले के अधिकारियों को संबोधित करते हुए नीट यूजी परीक्षा की तैयारियों के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। उक्त बैठक में बताया गया है विदिशा जिले में आयोजित होने वाली NEET (UG) परीक्षा-2025 रविवार 04 मई की दोपहर 02 बजे से 05 बजे तक विदिशा जिला मुख्यालय पर 03 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। जिसमें राजमाता विजयाराजे सिंधिया शा. कन्या महाविद्यालय विदिशा में परीक्षार्थियों की संख्या 552 तथा सम्राट अशोक टेक्नॉलोजीकल इंस्टयूट विदिशा में परीक्षार्थियों की संख्या 552 और पीएम श्री केन्द्रीय विद्यायल विदिशा में परीक्षार्थियों की संख्या 504 है। इस प्रकार इन तीनों परीक्षा केन्द्रों पर कुल 1608 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगें।

**अनुमति नहीं** – परीक्षा केन्द्र के अंदर जिन वस्तुओं को ले जाने की अनुमति नहीं होगी उनमें कोई भी स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री, कागज के टुकड़े, ज्यामिति/पेन/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग लेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर आदि।

कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल, फोन, ब्लूटॅथ, इयरफोन, मोइक्रोफोन, पेजर, हैल्थ बैंड आदि। अन्य सामान जैसे वॉलेज, गॉगल्स, हैंडबैग, बेल्ट, कैप आदि। इसके अलावा कोई भी घड़ी/कलाई घड़ी, ब्रेसलेट, कैमरा आदि।कोई भी आभूषण/थातु की वस्तुएँ।कोई भी खुला या पैक किया हुआ खादय पदार्थ।कोई भी अन्य वस्तु जिसका उपयोग अनुचित साधनों के लिए किया जा सकता है।

यदि किसी अभ्यार्थी के पास केंद्र के अंदर कोभी वर्जित वस्तु पाई जाती है तो इसे अनुचित साधनों का उपयोग माना जाएगा और अभ्यर्थी के खिलाफ संबंधित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

**प्रवेश पत्र** - नीट यूजी परीक्षा के प्रवेश पत्र के संबंध में उम्मीदवारों के लिए निर्देश प्रसारित किए गए हैं तदनुसार यदि कोई अभ्यर्थी बिना प्रवेश पत्र प्रिंटआउट के क्रेन्द्र पर पहुंचता है तो उसे परीक्षा की अनुमति नहीं दी जाएगी।प्रवेश पत्र निरीक्षक द्वारा रखा जाएगा, उम्मीदवार अतिरिक्त रख सकते है।

**सलाह** - अभ्यर्थियों को दो पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ लाने की सलाह दी गई है, जिनमें से एक को चिपकाना होगा। एनटीए विवरण लिखने और प्रतिक्रियाओं को चिन्हित करने के लिए ब्लैक बॉल प्वांइट पेन प्रदान करेगा। अधिकृत फोटो पहचान पत्रों में से कोई एक (मूल, वैध और रामाप्त न हुआ)ः–पैन कार्ड/पासपोर्ट/आधार कार्ड/(फोटो सहित) राशन कार्ड छात्र पहचान पत्र। व्यक्तिगत पारदर्शी पानी की बोतल अभ्यर्थियों को सत्यापन के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जायेगी।

**रिपोर्टिंग** - प्रवेश पत्र पर केन्द्र पर रिपोर्टिंग/प्रवेश का समय अंकित होगा। किसी भी अभ्यार्थी को गेट बंद होने के बाद में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**कंट्रोल रूम** - कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिला में नीट यूजी परीक्षा सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो जानकारियां त्वरित प्राप्ति के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर एक कंट्रोल रूम स्थापित कराने के निर्देश दिए थे। डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी श्री संतोष बिटौलिया ने बताया कि

जिला स्तरीय कंट्रोल रूम गठित कर दिया गया है जो परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका नम्बर 7400507766 है। कोई भी व्यक्ति/छात्र-छात्रा अपनी शिकायत उक्त कंट्रोल रूम में दर्ज करा सकता है।

### कलेक्टर ने उपार्जन कार्यों का जायजा लिया

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में जारी उपार्जन कार्यो की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर चेम्बर में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपार्जन कार्यों को क्रियान्वित कराने वाले विभागो के अधिकारियों को सचेत करते हुए निर्देश दिए हैं उपार्जन केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था ना होने पाए। किसानों से क्रय की जा रही उपज का भण्डारण बिना किसी परेशानी के हो को ध्यानगत रखते हुए संबंधित अधिकारी प्रति दिवस उपार्जन केन्द्रों का सतत भ्रमण करते हुए निरीक्षण करें और अपने अधीनस्थ अमले से आवश्यक सुविधाओं की पूर्ती कराएं। जहां कहीं भी व्यवस्थाओं में कमी नजर आए उसे तुरंत ठीक की जाए। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर वैकल्पिक तौर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के तहत तिरपाल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए हैं। उपरोक्त बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपडिया, जिला विपणन अधिकारी, नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक, सहकारिता विभाग, नापतौल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## जल गंगा संवर्धन एवं पेयजल संकट से निपटने विधायक ने अधिकारियों संग की बैठक



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

भीषण गर्मी का दौर प्रारंभ हो गया इसके कारण नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में पानी को लेकर किल्लत हो रही है। पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्रशासन के द्वारा धरातल पर कितने कदम उठाए जा रहे हैं उनकी समीक्षा करने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर तत्काल पानी की परेशानी दूर करने के लिए उचित कदम उठाने के कड़े निर्देश जिम्मेदार अधिकारियों को दिए और लापरवाही पर नाराजगी भी जताई। विधायक सिरोंज एवं लटेरी की समीक्षा की उन्होंने जनहित में हैंडपंप खनन में हो रही देरी पर नाराजगी भी व्यक्त की।अधिकारियों को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं को दुरुस्त करने और पुनर्जीवित करने के लिए अभियान चलाया है। पंचायतवार इस अभियान को संचालित करने के लिए कार्ययोजना बनाई गई थी लेकिन अभी तक जल संकट के निराकरण के लिए धरातल पर अभियान की सार्थकता के परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। आधी अधूरी नल जल योजना, खराब पड़े हैंडपंपों के सुधार, जिन नल जल योजनाओं का बजट बढ़ाया गया है उनकी अद्यतन जानकारी उपलब्ध करने के भी निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित हुए मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह आयोजन को शानदार व्यवस्थाओं के साथ आयोजित करवाने के लिए स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों तथा स्वच्छता मित्रों का धन्यवाद भी व्यक्त किया। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी,तहसीलदार संजय चौरसिया,जनपद सीईओ वंदना शर्मा, सीएमओ रामप्रकाश साहू सहित जल संसाधन विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पीएचई विभाग, के अधिकारी मौजूद थे।

## मजदूर दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित , कानूनी अधिकारों से कराया अवगत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



विदिशा एक मई को हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूरों को कानूनी अधिकारों से अवगत कराने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा विशेष शिविर का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नीतेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि एक मई को विदिशा जिला मुख्यालय पर संचालित अडानी विलमार फेक्ट्री में मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में श्रम विभाग एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त समन्वय से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था।

न्यायाधीश श्री तोमर ने मजदूरों के हक में कानूनन प्रावधानों की जानकारियां दी और कहा कि यदि किसी मजदूर को समय पर कानूनी सुविधाएं प्राप्ति के लिए वकील की जरूरत पड़ती है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने श्रम कानून के अंतर्गत विधिक अधिकारों पर गहन प्रकाश डाला। शिविर को श्रम निरीक्षक सुश्री देवनंदनी बघेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर चीफ लीगन एंड डिफेंस काउंसिल के अलावा अडानी विलमार के अधिकारी मौजूद रहे।

## किसानों ने ट्यूबवेल खनन पर लगी रोक हटवाने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** विकासखंड में बरसात सामान्य होने के बाद भी कलेक्टर के द्वारा गर्मियों में बोर करने पर रोक लगा दी इसके चलते किसानों की चिंताएं बढ़ गई है। किसान फसल कटाई की बाद खेत खाली होने पर बोरिंग का काम सुकून से करवा लेते थे। प्रशासन की रोक के कारण बोर करने के लिए कोई नहीं आ रहा है इस वजह से किसान चिंतित हैं उनकी समस्याओं को लेकर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने किसानों के साथ एसडीएम को आवेदन देते हुए अपनी पीड़ा सुनते हुए कहा कि ट्यूबवेल ना होने से परेशानी किसानों हो रही है।

ट्यूबवेल के खनन पर रोक लगाकर किसानों की आशा पर पानी फेर दिया। तहसील के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के किसानों को प्रशासन द्वारा ट्यूबवेल न करने के लिए सूखा प्रभावित क्षेत्र बताकर किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। इस बात को लेकर क्षेत्र के किसानों ने एसडीएम हर्षल चौधरी को देकर ट्यूबवेल खनन पर लगी रोक को हटाने की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## शासन द्वारा संधारित मंदिरों एवं पुजारियों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश

**सिरोंज।** विदिशा जिले में स्थित ऐसे मंदिर जो शासन द्वारा संधारित किए जा रहे हैं इन मंदिरों से संलग्न पुजारियों की जानकारी निर्धारित गूगल फॉर्म में दर्ज कर भिजवाने के निर्देश प्रदेश के धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के द्वारा जारी पत्र के परिपालन में उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुए जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि समय सीमा में सम्पूर्ण कार्यवाही कर जिला कार्यालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि सभी तहसीलदारों को जानकारी गूगल फॉर्म में दर्ज कराने की लिंक उपलब्ध कराई गई है। उपरोक्त तमाम अपडेट जानकारी शीघ्र दर्ज कर जिला कार्यालय को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## पुत्री को समग्र आईडी में बता दिया विवाहित, पिता के साथ बेटी पहुंची न्याय मांगने ,सीईओ ने 3 का दिया आश्वासन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



विकासखंड खंड में अजब और गजब कामों को कई अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किया कई बार लापरवाहियां सामने आ चुकी है। इसके बाद भी सुधार करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी जनप्रतिनिधि गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसकी सजा भोले वाले लोगों को भुगतनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत के कर्मचारी की लापरवाही के कारण ग्राम भगवानपुर की गरीब बेटी दीपा वघेगे के हाथ पीले सम्मेलन में नहीं हो पाए अब उसे न्याय पाने के लिए धरना देना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में अपनी बेटी के हाथ पीले करने की उम्मीद के साथ पिता और लड़की ने सभी दस्तावेज जमा किए थे । सामूहिक सम्मेलन से एक दिन पहले इनके आवेदन जनपद कार्यालय से निरस्त कर दिया इसके पीछे समग्र आईडी में दीपा विवाहित दर्ज है उस समय इनकी उम 13 बर्ष थी यह लापरवाही ग्राम पंचायत के सचिव और रोजगार सहायक की है जिन्होंने बगैर देखे इस काम को समग्र पोर्टल पर कर दिया है। इसकी परेशानी पिता और बेटी को उठानी पड़ रही है। इतनी बड़ी लापरवाही सामने आने के बाद भी अभी तक जिम्मेदार अधिकारी लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई नहीं कर पाए हैं। उल्टा पिता और बेटी को न्याय पाने के लिए दर की ठोकने खानी पड़ रही है। गुरुवार को किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के साथ पिता और बेटी ने जनपद कार्यालय में अपने लिए इंसाफ की मांग को लेकर धरना दिया।

काफी देर तक इनका धरना चला रहा इसके बाद जनपद सीईओ वंदना शर्मा ने इनकी बात को ध्यानपूर्वक सुनते हुए तीन दिनों में समस्या का समाधान करने का ठोस आश्वासन इनको दिया इसके बाद इनका प्रदर्शन खत्म हुआ लिखित में उन्होंने अपना आवेदन भी इनको दिया है । सामूहिक सम्मेलन में शादी के चलते पूजा के हाथ पैरों में हल्दी भी लगी हुई थी पर उसको यह मालूम नहीं था कि सम्मेलन में विवाह होने

## यूपीएससी में चयनित होकर पहली बार घर पहुंचे आदित्य जैन, हुआ भव्य और स्वागत और सम्मान



**सिरोंज।** यूपीपीएससी परीक्षा में सिलेक्ट होने के बाद पहली बार सिरोंज पहुंचे आदित्य जैन का नगर में जोरदार स्वागत हुआ। शाम करीब 5 बजे उनके शहर पहुंचने पर स्थानीय नगरपालिका के जनप्रतिनिधियों ने नगरपालिका प्रागंण में एक समारोह आयोजित किया जिसमें नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने सिरोंज शहर का नाम रोशन करने तथा उनकी उपलब्धि के लिए तिकल लगाकर साफा बांधकर शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौराण उपस्थित पार्षदों एवं नपा के अधिकारी कर्मचारियों ने भी पुष्प माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। नपा में स्वागत कार्यक्रम के उपरांत खुली जीप में सवार कर ढोल बाजों के साथ सभी जनप्रतिनिधिगण आदित्य को एक वहां रैली की शक्ल में मुख्य बाजार से होते हुए घर तक छोड़ने के लिए भी गए।

**मेट्रो एंकर** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर उमंग 2025 का हुआ शुभारंभ, खिलाड़ियों ने निकाली रैली

# एसपी ने कहा-जीवन में सदेव खेलों का विशेष महत्व है

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय एवं प्रत्येक विकासखंड स्तर पर ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदुपयोग के लिए जिला पुलिस विभाग एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर उमंग 2025 का आयोजन दिनांक 1 मई से 31 में 2025 तक बालक बालिका दोनों वर्गों के लिए जिला खेल परिसर स्टेडियम एवं पुलिस लाइन विदिशा में प्रातः एवं सायं के समय में किया जा रहा है।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर उमंग 2025 के अंतर्गत जिला खेल परिसर स्टेडियम में एथलेटिक्स कुश्ती फुटबॉल बास्केटबॉल करते कबड्डी हैंडबॉल बैडमिंटन, लॉन टेनिस वॉलीबॉल एवं पुलिस लाइन विदिशा में हॉकी ताइक्वांडो पेंटिंग ड्राइंग मेहंदी कराते स्केचिंग हैंडीक्राफ्ट जुंबा डांस वेटलिफ्टिंग स्पोकन इंग्लिश बैडमिंटन खेलों का शिविर आयोजित होगा। एक माह के इस शिविर का शुभारंभ आज गुरूवार को प्रातः 7 बजे स्थानीय पुलिस लाइन ग्राउंड पर किया गया।




पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को जीवन में खेलों का महत्व समझाते हुए हमेशा खेलों से जुड़े रहने एवं उसके लाभ बताए।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे, रक्षित निरीक्षक बीएस चैहान, जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग संतोष चतुर्वेदी, सूबेदार मेघा शर्मा, खेल प्रशिक्षक दिलीप सिंह थापा, आशीष मोदी, संजय ठाकुर, आकांक्षा शर्मा, सतीश रैकवार, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, ध्रुव लोधी, आमिर खान, श्रीमती सपना शर्मा, गोपाल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित समस्त खिलाड़ियों ने पुलिस लाइन से रैली प्रारंभ करते हुए स्थानीय नैनीताल गांधी होते हुए वापस पुलिस लाइन पहुंचे। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर उमंग 2025 के अंतर्गत जिले के समस्त विकासखंड में दो-दो खेलो सिरोंज हॉकी फुटबॉल कुरवाई कबड्डी को-को शमशाबाद एथलीट कुश्ती लटेरी एथलेटिक्स वॉलीबॉल गंजबासौदा एथलेटिक्स ताइक्वांडो ग्यारसपुर कबड्डी एथलेटिक्स के शिविर प्रातः एवं सांय काल में आयोजित होंगे जिसमें खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत ने 1 में 25 से प्रारंभ होने वाले इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर उमंग 2025 में अधिक से अधिक खिलाड़ियों से सम्मिलित होने की अपील की है।

### आईपीएल 2025 में रोचक हुई प्लेऑफ की जंग

# अब 8 टीमें रेस में, मुकाबले से बाहर हो चुकी हैं सीएसके और आरआर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल के मौजूदा सीजन में प्लेऑफ की रेस रोमांचक हो चली है। 1 मई (गुरुवार) तक आईपीएल 2025 में 50 मैच हो चुके हैं। इस दौरान सभी दस टीमों ने कम से कम 9 मुकाबले खेल लिए हैं। अब ग्रुप स्टेज के सिर्फ 20 मुकाबले बचे हैं, लेकिन प्लेऑफ की रेस में 8 टीमें बनी हुई हैं। जबकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) प्लेऑफ की रेस से आउट हो चुकी हैं।

अंकतालिका में मुंबई इंडियंस (एमआई) फिलहाल पहले नंबर पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भी मुंबई इंडियंस के बराबर अंक हैं, लेकिन उसका नेट रनरेट (एनआरआर) मुंबई की तुलना में खराब है। इसके बाद पंजाब किंग्स (पीबीकेएस), गुजरात टाइटन्स (जीटी), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का नंबर आता है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और चेन्नई सुपर किंग्स आखिर की चार टीमें हैं। आइए प्लेऑफ की रेस में शामिल 8 टीमों के समीकरण पर एक नजर डालते हैं...

### पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस टॉप

चार में जगह बनाने की ओर अग्रसर है। मुंबई इंडियंस के 11 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक हैं। लगातार छह जीत हासिल कर चुकी मुंबई के पास मोमेंटम तो है ही, साथ ही उसका नेट रनरेट (1.274) भी सबसे शानदार है. मुंबई इंडियंस अगर बाकी के मैच हारती है, तो भी वो शीर्ष चार में रह सकती है, लेकिन तब यह दूसरे नतीजों और एनआरआर पर निर्भर करेगा। मुंबई यदि दो मैच और जीतती है तो भी वो 18 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंचने की प्रबल दावदारी पेश करेगी।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

पहली खिताब की तलाश में जुटी आरसीबी के 10 मैचों में सात जीत से 14 अंक हैं। हालांकि आरसीबी अब भी क्वालिफिकेशन कटऑफ से दूर हो सकती है। क्योंकि अब भी सात टीमें 16 या उससे अधिक अंक प्राप्त कर सकती हैं, जबकि पांच टीमें 18 या उससे अधिक अंक हासिल कर सकती हैं। ऐसे में आरसीबी को क्वालिफिकेशन सुनिश्चित होने के लिए 20 अंक की भी आवश्यकता पड़ सकती है। हालांकि यदि अन्य परिणाम उनके पक्ष में जाते हैं, तो आरसीबी नेट रनरेट के बिना भी 14 अंकों के साथ क्वालिफाई कर सकती है।



**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स ने अपने पिछले पांच में से केवल एक मैच में हार का सामना किया है, जबकि तीन मुकाबलों में उसने जीत दर्ज की और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उसका मैच धुल गया। पंजाब किंग्स के 10 मैचों से 13 अंक हैं। मौजूदा परिस्थिति में छह टीमें 17 या उससे अधिक अंक प्राप्त कर सकती हैं, जिसका मतलब यह है कि पंजाब किंग्स को तीन मैच और जीतने होंगे। 15 अंक के साथ ही भी वो प्लेऑफ में पहुंच सकती है, लेकिन तब उसे अन्य नतीजों पर निर्भर रहना होगा।

**गुजरात टाइटन्स:** शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटन्स के दस अंक हैं, लेकिन उसने अबतक नौ मैच खेले हैं। गुजरात का नेट रनरेट 0.748 है। यदि गुजरात टाइटन्स को सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत मिलती है तो वो 16 अंकों के साथ भी प्लेऑफ में पहुंच सकती है क्योंकि उसके पास पहले से ही अच्छा एनआरआर है।

### आईपीएल2025 की ताजा अंकतालिक

**दिल्ली कैपिटल्स:** पहली खिताब की तलाश में जुटी दिल्ली कैपिटल्स मोमेंटम गंवा चुकी है। पिछले चार मैचों में तीन हार ने दिल्ली को अंकतालिका में पांचवें स्थान पर धकेल दिया है। दिल्ली कैपिटल्स के 10 मैचों में 6 जीत से 12 अंक हैं। चूंकि पांच टीमें अब भी 18 या उससे अधिक अंक प्राप्त कर सकती हैं। ऐसे में 18 अंक भी उसे मौजूदा स्थिति में प्लेऑफ में पहुंचने की गारंटी नहीं देंगे। मौजूदा परिस्थिति में दिल्ली को क्वालिफिकेशन पूरी तरह से सुनिश्चित होने के लिए 20 अंक चाहिए होंगे। हालांकि दिल्ली 14 अंकों के साथ भी प्लेऑफ में पहुंच सकती है, लेकिन तब यह अन्य रिजल्ट्स और नेट रनरेट पर निर्भर करेगा।

**लखनऊ सुपर जायंट्स:** दिल्ली कैपिटल्स की तरह लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी अपने पिछले चार में से तीन मैच गंवाए हैं। लखनऊ के बचे हुए चार में से तीन मैच टॉप-चार में शामिल टीमों के खिलाफ हैं। लखनऊ का नेट रनरेट फिलहाल -0.325 है, जो टॉप-6 में शामिल टीमों में सबसे खराब है। 16 अंकों के साथ लखनऊ प्लेऑफ में जाने की रेस में रहेगी, लेकिन मौजूदा परिस्थिति में 18 अंक भी क्वालिफिकेशन की गारंटी नहीं देते हैं।

**कोलकाता नाइट राइडस:** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत ने कोलकाता नाइट राइडर्स को प्लेऑफ की रेस में बनाए रखा है। लेकिन वो अधिकतम 17 अंक ही हासिल कर सकती है। चूंकि पांच टीमें अब भी 18 या उससे अधिक अंक हासिल कर सकती हैं, ऐसे में केकेआर अपने बाकी मैच जीतकर भी प्लेऑफ में पहुंचने से वंचित रह सकती है। 15 अंक के साथ भी केकेआर आगे बढ़ सकती है, लेकिन 13 अंक उसे प्लेऑफ की रेस से पूरी तरह बाहर कर देंगे।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** अगर सनराइजर्स हैदराबाद अपने बचे हुए मैच जीत लेती है, तो वो 16 अंकों पर समाप्त करेगी। ऐसे में वो एनआरआर पर निर्भर हुए बिना भी प्लेऑफ में जगह बना सकती है, बशर्ते अन्य परिणाम उसके पक्ष में जाएं। 14 अंकों के साथ भी वो चौथे स्थान पर फिनिश कर सकती है, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद को चार और जीत की आवश्यकता होगी।

### रोहित ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## टी20 में एक टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज



**जयपुर।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र का तीसरा अर्धशतक जड़ा और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी20 में एक टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए।

### रोहित ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड

हिटमैन के लिए सत्र की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। शुरुआती पांच मैचों में वह 0, 8, 13, 17 और 18 रन की पारी खेलकर आउट हो गए थे। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और धमाकेदार वापसी करते हुए पिछली पांच पारियों में तीन अर्धशतक बना डाले। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 31 गेंदों में आईपीएल 2025 का अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ वह एक टीम के लिए टी20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में रोहित ने हैम्पशायर के जेम्स विंस को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 6000 से ज्यादा रन बना लिए।

### आज जीटी बनाम एसआरएच : सीजन में दूसरी बार होगा सामना

# अहमदाबाद में हैदराबाद को गुजरात के खिलाफ पहली जीत की तलाश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल 2025 के 51वें मैच में आज गुजरात टाइटंस का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। मैच गुजरात के होम ग्राउंड नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7~30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमें इस सीजन में दूसरी बार आमने-सामने होंगी। पिछले मैच में त्ञ्ज ने स्क्र॥ को उसी के होम ग्राउंड पर 7 विकेट से हराया था। वहीं, हैदराबाद अहमदाबाद में गुजरात के खिलाफ अब तक नहीं जीत सकी है।

पॉइंट्स टेबल में 12 पॉइंट्स के साथ चौथे पायदान पर काबिज त्ञ्ज को प्लेऑफ में क्वालिफाई करने के लिए अब सिर्फ दो जीत की जरूरत है। वहीं, 6 अंकों के साथ 9वें स्थान पर पहुंच चुकी स्क्र॥ को एक और हार प्लेऑफ की रेस से बाहर का रास्ता दिखा सकती है। ऐसे में इन दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

### हैदराबाद पर हावी रही है गुजरात

जीटी और एसआरएच के बीच आईपीएल में 6 मैच खेले गए। 4 में गुजरात और 1 में हैदराबाद को जीत मिली। जबकि 1 मैच बेनतीजा रहा है। दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद में 2 मुकाबले खेले गए, दोनों बार गुजरात को जीत मिली। होम ग्राउंड पर गुजरात ने 20 में से 12 मैच जीते हैं। वहीं 8 मुकाबलों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है।




### सुदर्शन ने जीटी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए

गुजरात के साई सुदर्शन पांच अर्धशतक समेत 456 रन बनाए हैं। वहीं कप्तान गिल ने 389 और जोस बटलर ने 406 रन बनाए हैं जो इस सीजन में टॉप-7 बल्लेबाजों में हैं। बॉलिंग में प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा अच्छे फॉर्म में है। स्पिनरों में राशिद खान ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फॉर्म में लौटकर 25 रन देकर दो विकेट लिए जबकि वॉशिंगटन सुंदर से उन्हें अच्छा सहयोग मिला।

### क्लासन एसआरएच के टॉप स्कोरर

हेनरिक क्लासन एसआरएच के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 9 मैच में 288 रन बनाए हैं। वहीं, अभिषेक शर्मा पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके हैं। गेंदबाजी में हर्षल पटेल ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पैट कमिंस और मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी गेंदबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा।

**पिच रिपोर्ट** | अहमदाबाद की पिच बैटिंग फ्रैंडली मानी जाती है। स्टेडियम की तेज आउटफील्ड से भी बल्लेबाजों को मदद करती है। यहां हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिलते हैं। यहां अब तक आईपीएल के 39 मैच खेले गए हैं। 18 मैच में पहली इनिंग में बैटिंग करने वाली टीम और 21 में ही चेज करने वाली टीम को जीत मिली। इस स्टेडियम का हाईएस्ट टीम स्कोर 243/5 है, जो इसी सीजन पंजाब किंग्स ने गुजरात के खिलाफ बनाया था।

### दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-12

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर, वॉशिंगटन संदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, करीम जनत, राशिद खान, साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नीतीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, कामिंडू मेंडिस, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी, मोहम्मद शमी, ट्रैविस हेड।

## आईपीएल के पहले सत्र में दिल्ली ने क्यों फेर लिया था विराट से मुंह? सहवाग ने किया खुलासा



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वह मौजूदा सत्र में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। इस बीच पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आईपीएल 2008 से जुड़े पुराने किस्से को साझा किया है। उन्होंने खुलासा किया आखिर क्यों दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) ने किंग कोहली को नहीं खरीदा था।

आईपीएल की शुरुआत 2008 में हुई थी। विराट कोहली उस वक्त भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। उन्हें ड्राफ्ट में शामिल किया गया था, लेकिन दिल्ली ने विराट की जगह बाएं हाथ के गेंदबाज प्रदीप सांगवान को टीम का हिस्सा बनाया था। उस वक्त दिल्ली डेयरडेविल्स की कमान वीरेंद्र सहवाग के हाथों में थी। उन्होंने अब इस पर खुलकर बात की है।

सहवाग ने कहा- मैं कप्तान था जिसने विराट कोहली को नहीं चुना और प्रदीप सांगवान को चुना। वह नीलामी की मेज पर भी नहीं था। हमारे पास पहले से ही थे - मैं वहां था, गौतम गंभीर, शिखर धवन, दिलशान - हमारे पास बहुत सारे शीर्ष क्रम के सलामी बल्लेबाज थे। फिर एबी डिविलियर्स भी थे। इसलिए हमारे पास पहले से ही बहुत सारे बल्लेबाज थे, लेकिन हमारे पास गेंदबाज नहीं थे। हमारी सोच थी, चलो एक गेंदबाज चुनते हैं और कुछ विविधता लाने के लिए एक बाएं हाथ का गेंदबाज। तो शायद यह एक अच्छा विकल्प था - महेश और प्रदीप सांगवान ये उस समय दो युवा गेंदबाज थे। पहले तीन वर्षों में हमने खेला, दोनों ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



## बैन हुए एक्टर्स के अकाउंट तो बौखलाया पड़ोसी, लगाई लता समेत अन्य के गानों पर रोक

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की वजह से भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। भारतीय सरकार ने पाकिस्तान और उसके आर्टिस्ट के खिलाफ कुछ कड़े फैसले लिये हैं। वहीं अब पाकिस्तान में भी एक ऐलान कर दिया है। पाकिस्तान ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन ने देशभर में भारतीय गानों पर बैन लगा दिया है। भारतीय गानों पर पाकिस्तान ने लगाई रोक पाकिस्तान की सरकार ने 1 मई को इसे लेकर एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें बताया गया कि पाक में अब बॉलीवुड के गानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि, अब पाकिस्तानी एफएम रेडियो स्टोशन पर भारतीय गाने नहीं बजाए जाएंगे। साथ ही ये भी कहा गया है कि ये फैसला पूरे देश को ध्यान में रखकर लिया गया है। पाकिस्तान प्रसारण संघ (पीबीए) के महासचिव शकील मसूद ने कहा, पीबीए ने तत्काल प्रभाव से देशभर के पाकिस्तानी एफएम रेडियो केंद्रों से भारतीय गानों का प्रसारण बंद कर दिया है। भारतीय गाने, विशेषकर लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और मुकेश जैसे महान गायकों के गाने पाकिस्तानियों के बीच लोकप्रिय हैं और इन्हें यहां एफएम रेडियो केंद्रों पर रोज बजाया जाता है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ता तरार ने पीबीए के निर्णय की सराहना की है।

# मां नहीं बन सकती थीं मधुबाला, इसलिए टूटा दिलीप कुमार से रिश्ता, मुमताज का दावा



बॉलीवुड की सबसे फेमस लव स्टोरीज में से एक दिलीप कुमार और मधुबाला की भी थी। दिलीप और मधुबाला का एक दूसरे के लिए प्यार, इज्जत और फिर ट्रैजिक तरीके से दोनों का अलग होना आज भी याद किया जाता है। दोनों की जोड़ी न सिर्फ पर्दे पर बल्कि ऑफस्क्रीन भी खूब पसंद की जाती थी। मगर किस्मत को ये मंजूर नहीं था, और कई बड़ी वजहों के चलते दिलीप और मधुबाला का प्यार कभी मुकम्मल नहीं हो सका। हाल में ही दिग्गज एक्ट्रेस मुमताज ने दिलीप कुमार और मधुबाला की लव स्टोरी को लेकर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि दोनों के ब्रेकअप के पीछे की असली वजह क्या थी। वैसे तो दिलीप कुमार और मधुबाला की लव स्टोरी को लेकर तरह-तरह की बातें होती आई हैं। कुछ किस्सों में एक्ट्रेस के पिता को कसूरवार माना जाता है तो कुछ में एक्टर को। कहा जाता है कि नया दौर फिल्म के चक्कर में दिलीप कुमार ने मधुबाला के खिलाफ कोर्ट में गवाही दी थी और इस बात से वो नाराज हो गई थीं। अब सीनियर एक्ट्रेस मुमताज ने भी दिलीप कुमार और मधुबाला को लेकर किस्सा सुनाया है। मुमताज ने एकदम अलग ही बात कहकर सभी को चौंका दिया है।

### डॉक्टर ने दी थी मधुबाला को वार्निंग

मुमताज ने हाल में ही विक्की लालवानी को दिए इंटरव्यू में कई किस्से शेयर किए। इस बीच उन्होंने दिलीप कुमार और मधुबाला को लेकर भी बात की। मुमताज ने कहा, उन्होंने (मुधबाला) उनसे ब्रेकअप नहीं किया था, बल्कि ब्रेकअप तो दिलीप ने किया था, क्योंकि उन्हें बच्चे नहीं हो सकते थे। उनके बदले दिलीप ने सायरा बानो से शादी कर ली थी, जो कि काफी अच्छी हैं। इस बात में कोई शक नहीं कर सकता कि मधुबाला, दिलीप कुमार के प्यार में पागल थीं। लेकिन दिलीप साहब को औलाद चाहिए थी। शायद इसी बच्चे की चाहत में उन्होंने सायरा से शादी की। मधुबाला ने ही मुझे खुद ये बात बताई थी। मुमताज ने आगे बताया, मैं उनसे मिलने जाती थी। वो बिल्कुल ठीक नहीं थीं। वो कहती थीं कि अगर मैंने जिंदगी में किसी से प्यार किया है, तो वो यूसुफ है। लेकिन जब दिलीप को पता चला कि वो मां नहीं बन सकतीं। वो उन्हें यूसुफ बुलाती थीं। डॉक्टर ने मधुबाला से कहा था कि उनकी दिल की बीमारी की वजह से वो बच्चे को जन्म देते हुए अपनी जान गंवा देंगी। एक्ट्रेस बोलीं कि उन्हें दिलीप कुमार ने जो किया उससे कोई शिकायत नहीं है। उन्होंने कहा, उनसे प्यार करने के बावजूद उन्होंने सोचा होगा कि चलो किसी और महिला के साथ कोशिश करता हूं। ये बहुत ही दुख की बात है कि सायारा के साथ भी उनके बच्चे नहीं हो पाए।



**मेट्रो बाजार**

## अडाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा 753 फीसदी बढ़ा

### चौथी तिमाही में ये 3,845 करोड़ रहा, 1.30 डिविडेंड देगी कंपनी

**मुंबई।** अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में कंसॉलिडेटेड मुनाफा 753त्न बढ़कर ?3,845 करोड़ रुपए पहुंच गया है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 451 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। इस मुनाफे में अडाणी विल्मरमें 13.5 फीसदी हिस्सेदारी की बिक्री से मिले 3,286 करोड़ रुपए शामिल है, इसलिए 753 फीसदी की ग्रोथ दिख रही है। इस वन टाइम गेन को हटा दें तो मुनाफा सालाना आधार पर केवल 24 फीसदी ही बढ़ा है। यानी, कंपनी की ग्रोथ धीमी है।



ऑपरेशन से कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू मार्च 2025 तिमाही में 7.5 फीसदी घटकर 26,966 करोड़ रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 29,180 करोड़ था। अडाणी एंटरप्राइजेज ने मई को जनवरी-मार्च तिमाही और सालाना नतीजे जारी किए है।

### क्या कंपनी के नतीजे उम्मीद से अच्छे हैं?

बाजार के जानकारों को उम्मीद थी कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में अडाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा करीब 4 हजार करोड़ रुपए होगा। इस हिसाब से देखा जाए तो कंपनी ने मार्केट विश्लेषकों की उम्मीद से कमजोर परफॉर्म किया है।

अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर एक दिन पहले 2,290 रुपए पर बंद हुआ था। कंपनी का शेयर पिछले 5 दिन में 6त्न, 1 महीने में शेयर 2त्न और 6 महीने में 21 फीसदी गिरा

## सेंसेक्स 500 अंक चढ़कर 80,700 पर पहुंचा, निफ्टी में 100 अंक की तेजी

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार, 2 मई को शेयर बाजार में तेजी है। सेंसेक्स करीब 500 अंक ऊपर 80,700 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी करीब 100 अंक की तेजी है, ये 24,400 के स्तर पर है।सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी है। अडाणी पोर्ट्स का शेयर 3.30% ऊपर है। महिंद्रा, एक्सिस बैंक और इंफोसिस के शेयर में 1.3त्न तक की तेजी है। जोमैटो का शेयर 1.80त्न गिरा है।



निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में तेजी है। एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेज में बैंकिंग, ऑटो और फाइनेंशियल सर्विसेज में 1 फीसदी तक की तेजी है। मीडिया, मेटल और फार्मा सेक्टर में गिरावट है।

**ग्लोबल मार्केट में मिलाजुला कारोबार-** एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई इंडेक्स 253 अंक (0.69त्न) चढ़कर 36,706 पर कारोबार कर रहा है। कोरिया के कोस्पी में भी 4 अंक (0.19 फीसदी) की तेजी है, ये 2,562 पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 235 अंक (1.06फीसदी) चढ़कर 22,354 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, चीन का शंघाई कंपोजिट 1 से 5 मई तक लेबर-डे के चलते बंद है। 1 मई को अमेरिका का डाउ जोन्स 84 अंक (0.21फीसदी) चढ़कर 40,753 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 264 अंक (1.52 फीसदी) की तेजी रही जबकि, S&P 500 इंडेक्स 35 अंक (0.63फीसदी) चढ़कर बंद हुआ।


# दवा के धोखे में 75 साल की महिला ने खाया जहर, मौत

**भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बुढोर कला में 75 साल की महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। वह बीमार रहती थीं। दो दिन पहले उन्होंने दवा के धोखे में घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बुधवार रात उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम बुढोर कला, गुनगा निवासी अजबी बाई पत्नी राजाराम (75) उम्र अधिक होने की वजह से बीमार रहती थीं और बिस्तर पर ही रहती थीं। उनका इलाज चल रहा था। उनकी दवाएं बिस्तर के पास टेबिल पर रखी थीं। उसी दौरान घर के किसी सदस्य ने लापरवाही के चलते कोई कीटनाशक वहां रख दिया। दवा के धोखे में अजबी बाई ने कीटनाशक खा लिया। हालत बिगड़े पर उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** अशोाका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित गौतम नगर झुग्गी में कल गुरुवार रात एक युवक ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि झुग्गी सील कर दी गई। आज पीएम के बाद झुग्गी की तलाशी ली जाएगी। फिलहाल सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार राजेंद्र भिलवाले पिता किशन लाल भिलवाले (50) महामाई का बाग ऐशबाग में रहते हैं और मार्केटिंग का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका भाई रोहित भिलवाले पिता किशन लाल भिलवाले (30) गौतम नगर झुग्गी में रहता था। उसके पड़ोस में रहने वाले बबलू गिरी ने कल रात करीब साढ़े 9 बजे राजेंद्र को कॉल कर बताया कि रोहित ने अपनी झुग्गी में फांसी लगा ली है। राजेंद्र गौतम नगर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोहित का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। रोहित प्राइवेट काम करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# सर्जरी के बाद युवती की मौत, अस्पताल प्रबंधन पर आरोप, परिजन का हंगामा

**भोपाल।** अयोध्या बायपास स्थित जिंदल अस्पताल में आज शुक्रवार सुबह एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती की कल शाम घुटने की सर्जरी हुई थी। रात में अस्पताल के स्टाफ द्वारा उसे दवाइयां दी गई। सुबह करीब छह बजे उसकी मौत हो गई। परिजन ने अस्पताल के स्टाफ और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजन को समझाइश दी। इसके बाद ही गुस्सा शांत हो सका। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। परिजन का आरोप हाइडोज देने से तबीयत बिगड़ी, पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा, रिपोर्ट का इंतजार जानकारी के अनुसार शालू पित हरिराम यादव (24) हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कालोनी, करोंद थाना निशातपुरा में रहती थी। शालू आईटी पार्क में संचालित बीपीओ में नौकरी करती थी। करीब 8 महीने पहले उसका एक्सीडेंट हो गया था। एक्सीडेंट में उसे पैर में चोट आई थी। घुटने के नीचे पैर में खून का थक्का बनने के कारण परिजन उसे जिंदल अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां गुरुवार दोपहर डॉक्टर ने चेक किया और सर्जरी करने की बात कही। शाम करीब सात बजे शालू की सर्जरी कर दी गई। सर्जरी होने के बाद शालू ने परिजन से बातचीत की थी। सुबह हो गई मौत शालू के जीजा सतीश यादव ने बताया कि पैर की सर्जरी थी और रात तक शालू ठीक थी। वह बातचीत कर रही थी।



## फरार आरोपी अबरार पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित, नबील को भोपाल से ही गिरफ्तार किया

# छात्राओं से दुष्कर्म व यौन उत्पीड़न मामले में कमरा देने वाले की गिरफ्तारी

**अशोका गार्डन पुलिस ने फरहान की पांच दिन की मांगी ट्रांजिट रिमांड**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छात्राओं से दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न, ब्लेकमेलिंग सहित धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के इस सनसनीखेज मामले में पांचवे आरोपी नबील को अशोका गार्डन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया और 6 मई तक की रिमांड ली गई। रिमांड के दौरान नबील से प्रकरण में संलिप्तता और अन्य तथ्यों पर पूछताछ करेगी। आरोपी नबील बिहार का है। पहली एफआईआर होने के बाद से ही आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने बिहार तक नबील की तलाश की, लेकिन आरोपी नहीं मिला। गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि नबील भोपाल में ही छिपा है। इसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अशोका गार्डन थाने में दर्ज हुई एफआईआर में नबील आरोपी है। उस पर आरोप है कि वह फरहान और उसके साथियों दुष्कर्म के लिए कमरा उपलब्ध कराता था। इसके साथ ही युवतियों को लाने- ले जाने का जिम्मा भी उसी का था। आरोपी अबरार और नबील साथी है दोनों गांजे और अन्य नशे की सामग्री आरोपियों तक पहुंचाते थे। अब पुलिस को अबरार की तलाश है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम हर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है, लेकिन आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है।

### अशोका गार्डन पुलिस ने मांगेगी रिमांड

आरोपी फरहान की फार्मल गिरफ्तारी अशोका गार्डन पुलिस द्वारा की गई है।

आज शुक्रवार को अशोका गार्डन पुलिस कोर्ट से फरहान की पांच दिन की रिमांड मांगेगी। पुलिस को उम्मीद है कि फरहान से पूछताछ के लिए कोर्ट उसे रिमांड पर सौंप सकती है। प्रकरण में आरोपी अबरार की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। आरोपी की गिरफ्तारी में सफल नहीं होने के कारण पुलिस के अधिकारियों ने आरोपी पर 10 हजार का इनाम भी घोषित किया है। अबरार पश्चिम बंगाल के कोलकाता का रहने वाला है। पश्चिम बंगाल में पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

अबरार इसी कॉलेज में इंजीनियरिंग का छात्र था लेकिन बीच में ही पढ़ाई छोड़ कर वो चला गया था। किसी अन्य कॉलेज में वो पढ़ाई कर रहा था। मामला दर्ज होने के बाद जब पुलिस उसे पकड़ने के लिए पश्चिम बंगाल पहुंची तो वो फरार हो गया था।

### साथ में पढ़ रहे नबील ने दिया कमरा

गिरफ्तार आरोपी नबील जिस कॉलेज में फरहान पढ़ रहा है, वह भी उसी में पढ़ाई कर रहा है। मूलत~ बिहार का रहने वाला नबील को पुलिस ने अशोगा गार्डन इलाके से गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। घटना के सप्ताहभर बीतने के बाद भोपाल में ही छिपे नबील को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। इसी मामले में पश्चिम बंगाल का रहने वाला अबरार फरार है।

### नाबालिग से दुष्कर्म, लव जिहाद का आरोप, गुनगा पुलिस ने दर्ज किया दुष्कर्म, पाक्सो सहित एट्रोसिटी एक्ट का मामला

**भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में साढ़े 17 साल की किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट और एट्रोसिटी एक्ट की धाराओ में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। हिंदू संगठन ने प्रकरण को लव जिहाद से जोड़कर थाने के सामने प्रदर्शन किया। हिंदू संगठन इसे लव जिहाद बता रहा है। पुलिस के अनुसार 17 साल छह महीने की नाबालिग इलाके के एक कस्बे में रहती हैं और परिवार के साथ हाली का काम करती है। परिवार खेत में काम करने जाता है। उसकी दोस्ती खेतों में काम करने वाले साहिल खान से वर्ष 2019 में हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि दो महीने पहले साहिल ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। घटना की परिजन को लगी और वह उसे लेकर थाने पहुंचे। थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर लिया है।

# थानों में अब होगी साढ़े चार बजे गणना, सड़क पर दिखेगी फोर्स

**जोन स्तर पर एसीपी करेंगे जनसुनवाई, बंसल वन के पास सुरक्षा बढ़ाने निर्देश**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने नई व्यवस्था शुरू की है। नई व्यवस्था के तहत अब थानों में शाम छह बजे होने वाली गणना का समय बदल दिया गया है।

थानो में गणना अब साढ़े चार बजे की जाएगी। इसके बाद पुलिसकर्मी और अधिकारी इलाके में गश्त के लिए निकल जाएगे। यह गश्त शाम सात बजे तक चलेगी। इलाके में गश्त होने से अपराध में कमी आएगी और सड़कों पर पुलिस को देखकर अपराधियों में खौफ निर्मित होगा।

इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर खुद ही बिना बताए थानों में पहुंचकर थाने की व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का जायजा लेंगे। 30 अप्रैल से कमिश्नर ने बिना बिताए थाने की विजिट शुरू कर दी है। विजिट के दौरान वे थाने का निरीक्षण और पेंडिंग प्रकरणों की जानकारी जुटाएंगे।

साथ ही थानों के रिकॉर्ड, क्षेत्र में चेंकिंग व्यवस्था और पुलिसकर्मियों की तैनाती सहित थाने में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी देखेंगे।

### जेल से छूटने वाले अपराधियों पर रखे नजर

कमिश्न मिश्र ने जोन वार पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी को अपने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और जेल से रिहा होकर आने वाले निगरानी बदमाशों पर नजर रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि एसीपी के जोन स्तर पर जनसुनवाई की जाए।

जनसुनवाई से पहले जनसुनवाई का स्थान बता दिया जाए, ताकि लोग एसीपी की जनसुनवाई में अपनी शिकायत और स्थानीय मुद्दों को लेकर पहुंच सके। अगर कहीं भी कोई जुआं, सट्टा या कोई भी अनैतिक कार्य किया जा रहा है तो उसकी भी जानकारी लोग जनसुनवाई में दे सकेंगे।

### बंसल वन के पास सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

राजधानी के कमला पति रेलवे स्टेशन परिसर में बने बंसल वन मॉल में आए दिन विवाद और हंगामे की शिकायतें मिल रही है। चार दिन पूर्व ही जीआरपी के प्रधान आरक्षक के साथ मारपीट की घटना हुई है। इस तरह की घटना दौबारा न हो इसलिए बंसल वन मॉल आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने शहर में बेहतर पुलिसिंग हो इसके लिए बीट सिस्टम को भी बेहतर मजबूत करने निर्देश दिए।

# ऑटो चालक पर चाकू से हमला, हाथ से हमला रोका, गंभीर चोट



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रायसेन रोड स्थित सज्जाद पेट्रोल पंप के पास बुधवार शाम करोंद के एक बदमाश ने ऑटो चालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के समय वह अपने दोस्त के साथ एक्टिवा से पेट्रोल लेने गया था।

उसी दौरान ऑटो में अपने एक साथी के साथ बदमाश ने यह कहते हुए हमला कर दिया कि आजकल बहुत ज्यादा उड़ रहा है। चाकू का वार बचाने के प्रयास में उसके हाथ में दो-तीन जगह गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार बाग दिलकुशा निवासी जावेद खान (35) ऑटो चलाता है। इससे पहले वह अस्सी फिट रोड पर चाय की दुकान का संचालन करता था। बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे जावेद अपने ऑटो में पेट्रोल भरवाने रायसेन रोड स्थित सज्जाद पेट्रोल पंप पहुंचा था। साथ में उसका दोस्त सलमान भी था। बताया जा रहा है कि इस बीच एक ऑटो में अपने साथियों के साथ करोंद का बदमाश अरबाज नाड़ा उर्फ बच्चा वहां आ धमका और गाली-गलौज करते हुए जावेद के साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर बदमाश ने चाकू निकालकर उसके चेहरे और सिर पर वार कर दिए, लेकिन जावेद ने अपने हाथ से चाकू के वार रोक लिए। इस प्रयास में उसके हाथ में गंभीर चोट आई है।

**मेट्रो एंकर** गोल्ड गिरवी रखने का झांसा देकर मुथूट फाइनेंस से तीन लाख की ठगी

# दूसरी फाइनेंस कंपनी में गोल्ड गिरवी होने का दिया झांसा, कहा-वहां से छुड़वाकर रख दूंगा गोल्ड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित मुथुट फाइनेंस कंपनी को एक जालसाज ने तीन लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी ने कंपनी को झांसा दिया कि उसका गोल्ड किसी दूसरी फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखा है। यदि मुथुट फाइनेंस कंपनी अधिक पैसा देगी तो वह गोल्ड उस कंपनी से निकालकर उनकी कंपनी में गिरवी रख देगा। जरूरी कागजी कार्रवाई करने के बाद फायनेंस कंपनी ने बिना सोना गिरवी रखे जालसाज को सवा तीन लाख रुपए का चेक थमा दिया। आरोपी चेक के माध्यम बैंक से नगदी निकालकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।




पुलिस के अनुसार वसंत देशपांडे रोहित नगर शाहपुरा स्थित मुथुट फायनेंस कंपनी के कर्मचारी हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि नर्मदापुरम निवासी राकेश चौरे नामक व्यक्ति का उनकी शाखा में आना-जाना था।

वह पहले कंपनी में गोल्ड गिरवी रखकर लोन ले चुका था। इसलिए कई कर्मचारियों से उसकी पहचान भी थी। जनवरी 2025 में राकेश चौरे मुथुट फायनेंस कंपनी की रोहित नगर ब्रांच पहुंचा और मैनेजर से कहा कि उसने न्यू मार्केट स्थित एक गोल्ड लोन कंपनी में गोल्ड गिरवी रखकर लोन लिया है। यदि मुथुट फायनेंस अधिक पैसा देगा तो वह उस कंपनी से गोल्ड निकालकर यहां गिरवी रख दूंगा।

मैनेजर इसके लिए तैयार हो गए। कंपनी के मुख्यालय से संपर्क करने के बाद जरूरी कागजी कार्रवाई की गई और राकेश चौरे को सवा तीन लाख रुपए का चेक थमा दिया। मैनेजर ने कहा था कि गोल्ड गिरवी रखकर ही वह चेक क्लियर करा सके। लेकिन जालसाज मुथुट कंपनी के दिए कागजात लेकर बैंक पहुंचा और चेक क्लियर कराकर पैसा लेकर फरार हो गया। उसने कंपनी में सोना गिरवी नहीं रखा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है।

# चाबी बनाने के नाम पर धोखाधड़ी, जेवर चुराकर ले गए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित भरत नगर में चाबी बनाने के बहाने घर में घुसे बदमाशों ने अलमारी से सोने के जेवरात चुरा लिए। चोरी गए जेवरात करीब चार तोले के हैं। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 57 साल के भूपेंद्र कुमार चौहान, भरत नगर पिपलानी में रहते हैं। पहले वह प्राइवेट काम करते थे, लेकिन एक्सीडेंट होने बाद से घर में रहते हैं। उनकी पत्नी प्राइवेट काम करती है। बुधवार को उनकी पत्नी काम पर गई थी। सुबह करीब पौने 12 बजे भूपेंद्र को बाहर से चाबी बनवाने वाले की आवाज आई। वे बाहर पहुंचे तो एक बुजुर्ग और उसके साथ मौजूद युवक को उन्होंने बुलाया।

दोनों सिर पर पगड़ी बांधे हुए थे। भूपेंद्र ने उन्हें अपनी एक्सिस स्कूटर की चाबी बनाने का कहा। वे चाबी बनाने लगे। इसी बीच एक आरोपी ने पीने के लिए पानी मांगा। वे पानी लेने



अंदर चले गए। इसी बीच एक बदमाश अंदर पहुंचा और अलमारी से जेवर चुरा लिए। चोरी करने के बाद आरोपियों ने स्कूटर की चाबी बनाकर दे दी। चाबी टेड़ी होने के कारण वह कहने लगा कि अभी उनके पास दूसरी चाबी नहीं है। कल दूसरी चाबी लेकर आएंगे और चाबी बना देंगे।

### पत्नी आई तो अलमारी से चोरी हो चुके थे जेवर

भूपेंद्र सिंह की पत्नी घर लौटी तो उन्होंने अलमारी खोलने का प्रयास किया। इस दौरान अलमारी उनसे खुल नहीं रही थी। किसी तरह दंपती ने अलमारी खोली तो पता चला कि उसमें रखे जेवर नहीं है। पत्नी ने भूपेंद्र से पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्होंने चाबी बनाने वालों को घर बुलाया था। इसके बाद दंपती थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

पश्चिम मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
भो-(नि.)II-बीना-कटनी-02-2025, दिनांक 29.04.2025
उप मुख्य अभियंता-II/ निर्माण/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (दोहरी निविदा पद्धति) आमंत्रित करते है। (1) कार्य का नाम लोकेशन सहित: बीना-कटनी तीसरी लाइन के संबंध में माल प्लेटफॉर्म को यात्री प्लेटफॉर्म में परिवर्तित करना और सागर स्टेशन के प्लेटफॉर्म 2 और 3 का विस्तार और ऊंचाई करना, एफओबी से संबंधित संरचनात्मक कार्य का करना। निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में): ₹ 1607.38 लाख बयाना राशि: ₹ 9,53,700/- निविदा खुलने की तिथि: 22.05.2025 कार्य समापन अवधि (माह): 06 माह हार्वेस्ट एवं मानसून सत्र सहित। ई-निविदा का संपूर्ण विवरण वेबसाइट IREPS (www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता/ निर्माण/ पश्चिम मध्य रेल/ हबीबगंज/ भोपाल के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है। निविदाकार वेबसाइट को निविदा खुलने की तिथि तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोई शुद्धि पत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।
(हस्ता.)
उप मुख्य अभियंता-II/निर्माण, प.म.रे./ भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022